नई दिल्ली

गुरुवार 11 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 53

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 44.0°

न्यून. 21.1°

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 सीधे गेमों में जीतीं सिंधू , तन्वी ने किया उलटफेर

# नौसेना को मिलेंगे 20 सैटेलाइट सिस्टम जैमर, रक्षा मंत्रालय ने किया समझौता

## बेंगलुरु की एएसएसपीएल से की जाएगी जैमर की खरीद, लागत होगी 449 करोड़ रुपए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तेजी से बदलते क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य के दौर में बढ़ती तकनीक की ताकत के मध्य भारतीय नौसेना के जंगी युद्धपोतों और अन्य हथियारों की आपात परिस्थितियों में बचाव, मारक क्षमता में आगामी समय में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। कारण, समुद्री बल को आगामी समय में मिलने वाले 20 उन्नत क्षमता वाले ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम जैमर (ईसीजीएनएसएस) हैं। जिनकी खरीद के लिए रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बेंगलुरु की एक कंपनी 'अकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' (एएसएसपीएल) के साथ कुल 449 करोड़ रुपए के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।



### *75% स्वदेशी सामग्री शामिल*

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस जैमर सिस्टम में 75% स्वदेशी सामग्री शामिल है। जबकि इसकी खरीद मंत्रालय की स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्माण (बाय इंडिया-इंडिजिनसली डिजाइन्ड, डेवलप्ड एंड मैन्युफैक्चर्ड) श्रेणी के तहत इस समझौते को अमलीजामा पहनाया गया है। हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।*

### *यह होगा सिस्टम से फायदा*

*जैमर की मदद से दुश्मन के सैटेलाइट आधारित नेविगेशन सिस्टम से मिलने वाले उपग्रह सिग्नल अधिग्रहण और ट्रैकिंग प्रदर्शन को कम करना और भ्रामक जैमिंग (सिग्नल स्पूफिंग) की जा सकती है। जिससे अत्यधिक चुनौतीपूर्ण माहौल में नौसेना के जहाजों, हेलीकॉप्टरों, पनडुब्बियों और ड्रोन की सुरक्षित आवाजाही का मार्ग प्रशस्त होगा। क्योंकि इसकी कार्यप्रणाली से शत्रु हमेशा भ्रमित रहेगा और उसे कभी भी नौसेना के युद्धक बेड़े की लोकेशन, समय के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिलेगी।*

### *रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता*

*मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता केंद्र के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान को लेकर बनी हुई सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। इसके अलावा यह देश की समुद्री सुरक्षा संरचना को भी मजबूती प्रदान करता है। जो रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने, उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण के लगातार जारी प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि है।*

### *बाकी देशों के पास हैं ऐसे सिस्टम*

*अमेरिका का ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) की तरह ही दुनिया के बाकी देशों के भी अपने उपग्रह नेविगेशन सिस्टम हैं। जिसमें चीन का बेईडौ, रूस का ग्लोनास, जापान का क्यूजेडएसएस और भारत का नाविक शामिल है।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जहाज पर हमले के बीच भारत ने अमेरिका के प्रभारी राजदूत को तलब कर जताया विरोध

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के समूचे इलाके में युद्ध के बीच विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत जेसन मीक्स को तलब कर विरोध जताया है। मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नागराज नायडू ने इस पूरे घटनाक्रम की कमान संभाली और अमेरिकी राजनयिक के समक्ष नई दिल्ली के पक्ष को रखा। यह पूरी कवायद उस वक्त देखने को मिली है। जब भारत ने ओमान तट के पास सेटेबेलो नाम के वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले की एक बयान जारी कर निंदा की है। जिसमें चालक दल के 24 भारतीयों में से 21 को बचाया। 3 अन्य लोग अभी भी लापता हैं।

### श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में गबन, मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि में कथित हेराफेरी और चोरी के आरोपों का



मामला अब प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह की शिकायत के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पीएम के पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्र अचानक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक की। बैठक को गोपनीय रखा गया और इसके एजेंडे आधिकारिक जानकारी नहीं दी । माना जा रहा है कि मंदिर की व्यवस्थाओं और हालिया घटनाक्रम पर तैयार रिपोर्ट शीर्ष स्तर तक पहुंच सकती है। सूत्रों के अनुसार, मामले के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी रिपोर्ट तलब की है तथा कुछ कर्मचारियों की छंटनी और दायित्वों में बदलाव पर विचार किया जा रहा है।

## नई दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# कांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदू आबादी पर लगाया, हमने विकास करके दिखाया: मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार के मुखिया के तौर पर लगातार 4399 दिन पूरे करने पर एनडीए के नेताओं ने किया प्रधानमंत्री का अभिनंदन
- पीएम बोले, हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार के मुखिया के तौर पर लगातार 4399 दिन पूरे कर लिए, अब मोदी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल के कार्यकाल से ज्यादा अवधि तक देश के प्रधानमंत्री पद पर रहने का रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं। इस खास उपलब्धि पर दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की बैठक हुई। भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में एनडीए में शामिल दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी और उनके निरंतर कार्यकाल के लिए शुभकानाएं भी दी। प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत और अभिनंदन बैठक में मौजूद नेताओं ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा,12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट होना चाहिए था। इसमें न गवर्नेंस था, न नीति और न नीयत और न ही निर्णय। जब अटल जी की सरकार आई तब हमें झलक दिखी कि विकास कार्य में गति कैसे आती है। लेकिन 2004 में देश अस्थिरता के बंवडर में फंस गया। कांग्रेस ने देश को एक के बाद एक हजार करोड़ के घोटालों में घसीट लिया। देश का भाग्य फिर तब बदला, जब 2014 में एनडीए की सरकार बनी। पीएम ने कहा, हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वो दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। जो लोग पहले गरीब थे, वे अब मिडिल क्लास का हिस्सा बन रहे हैं। मिडिल क्लास अब न्यू मिडिल क्लास है। 12 साल में बुनियादी ढांचे में बड़ा विस्तारः मोदी ने कहा कि 2014 के 74 एयरपोर्ट बढ़कर 160 से ज्यादा हो गए हैं। एक्सप्रेस-वे 1000 किमी से बढ़कर 6700 किमी और मेट्रो नेटवर्क 5 शहरों से बढ़कर 20 शहरों तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों तक विकास की रफ्तार धीमी रही, जबकि एनडीए ने नई सोच और फैसलों के जरिए तेज विकास को संभव बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर इसे सामूहिक उपलब्धि बताया और जनता और सहयोगी दलों का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने कहा, साल 2014 में जब एनडीए की ⏩ शेष पेज 7 पर

### *25 करोड़ गरीबी से मुक्त हुए*

*उन्होंने कहा कि 2014 में आशा का उदय होता सूरज आज नए आत्मविश्वास के प्रकाश पुंज में बदल गया है। भारत के लोगों ने पहली बार देखा है कि जब सही नीयत से सरकार चलती है तो तेज गति से विकास होता है। एनडीए सरकार के इन 12 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों का गरीबी से बाहर निकलना दिखाता है कि हमारी नीतियां सही हैं। पीएम मोदी ने कहा ये सफलता आज देश के हर उस व्यक्ति को बताती है कि एक दिन उसके सपने भी पूरे होंगे। मैं मानता हूं कि कल जो गरीब था, आज जो नियो मिडिल क्लास बना है, उसे अब हमें पीछे नहीं होने देना है। इसलिए सरकार के नाते हमें दिन-रात काम करना है। परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। इस संकल्प के साथ 140 करोड़ का यह देश हमसे जो उम्मीदें लगाए बैठा है वे जरूर पूरी हों। भारत का युवा, नारी शक्ति, मध्यम वर्ग, किसान, सबकी आकांक्षाएं हमें पूरी करनी हैं। पीएम मोदी ने कहा, आज देश का हर नागरिक विकसित भारत के सपने से भरा हुआ है। विकसित भारत का सपना अब किसी दल का या व्यक्ति का नहीं है। यह देश के जन-जन का सपना बन चुका है। इसकी पूर्ति के लिए हमें अपना हर पल समर्पित करना है। एनडीए के 12 वर्ष की एक सफलता यह भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचार और बेचारगी और हीन भावना के स्तर पर गिरा दिया था। देश को यह एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता था। उन्होंने आगे कहा, देश ने देखा कि जब नीति, नीयत और निर्णय तीनों एक साथ काम करते हैं तो विकास की गति कैसी होती है। देश ने देखा है कि जो काम उदशकों में होते थे, वो काम महीनों में होने लगे। 2014 में 74 एयरपोर्ट थे, 2026 में 160 एयरपोर्ट हुए। 2026 में 6700 किमी एक्सप्रेसवे हैं। 2014 में 4 शहरों में मेट्रो थे, 2026 में 20 से ज्यादा शहरों में मेट्रो है। डिफेंस एक्सपोर्ट भी बढ़े हैं। देश ने एक लंबी यात्रा तय की है। देश में केवल 25 करोड़* ⏩ शेष पेज 7 पर

## पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु ने पीएम मोदी को खिलाई झालमुड़ी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार के मुखिया के तौर पर लगातार 4399 दिन पूरे कर लिए, अब मोदी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल के कार्यकाल से ज्यादा अवधि तक देश के प्रधानमंत्री पद पर रहने का रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं। इस खास उपलब्धि पर दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की बैठक हुई। भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में एनडीए में शामिल दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी और उनके निरंतर कार्यकाल के लिए शुभकानाएं भी दी। प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत और अभिनंदन बैठक में मौजूद नेताओं ने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने साथी नेताओं के साथ पश्चिम बंगाल की मशहूर झालमुड़ी का स्वाद लिया। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी को झालमुड़ी बनाकर दी। वहीं, पीएम मोदी ने खुद अपने हाथों से सहयोगियों को झालमुड़ी बांटी। मोदी ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर भी साझा किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नेताओं के साथ झालमुड़ी का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत मंडपम में हुई इस बैठक में बीजेपी और एनडीए गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद रहे। इनके अलावा बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी दिल्ली पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नायब सैनी, भजन लाल शर्मा, मोहन यादव पुष्कर सिंह धामी, सुवेंदु अधिकारी और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत कई राज्यों के उपमुख्यमंत्री भी इस बैठक में पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने चुने हुए सरकार प्रमुख के तौर पर 4,399 दिनों के कार्यकाल के साथ पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। इस तुलना के लिए ⏩ शेष पेज 7 पर

## राष्ट्रीय कारागार आयोग के गठन की सिफारिश महिला कैदियों के अधिकारियों की होगी सुरक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय महिला आयोग ने देशभर में जेल प्रशासन की निगरानी और हिरासत संस्थानों में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से राष्ट्रीय कारागार आयोग की स्थापना करने की सिफारिश की है। आयोग ने विशेष रूप से महिला कैदियों की स्थिति में सुधार पर जोर देते हुए यह प्रस्ताव रखा है। महिला आयोग ने वर्ष 2025-26 की विधि समीक्षा के तहत जेलों में महिलाओं से संबंधित कानूनों की समीक्षा करते हुए अपनी अनुशंसात्मक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में देश की कारागार व्यवस्था को अधिक मानवीय, अधिकार-आधारित और लैंगिक संवेदनशील बनाने के लिए व्यापक सुधारों का सुझाव दिया गया है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट गृह मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को विचार और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी है। रिपोर्ट में महिला कैदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पुनर्वास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। इनमें सभी जेलों में स्थायी रूप से तैनात चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति, महिला बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, मानसिक आघात से जूझ रही कैदियों के लिए ट्रॉमा-इन्फॉर्म्ड केयर ⏩ शेष पेज 7 पर

### विदेश मंत्रालय ने कहा, चालक दल के 24 भारतीयों में से 21 को बचाया गया, 3 अन्य लापता हैं

## ओमान तट के पास वाणिज्यिक जहाज सेटेबेलो पर हुए हमले की भारत ने की निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के तनावपूर्ण माहौल में होर्मुज जलडमरूमध्य व उसके आसपास के समुद्री इलाके में वाणिज्यिक जहाजों पर किए जा रहे हमलों का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला बुधवार को ओमान के तट के पास सेटेबेलो नामक एक वाणिज्यिक तेल टैंकर पर हुए हमले से जुड़ा हुआ है। जिसमें चालक दल के सदस्यों के रूप से सवार 24 भारतीय नागरिकों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि 3 अन्य लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर जहाज पर किए गए हमले की इस घटना की निंदा की है। साथ ही ये भी कहा है कि भारत का ओमान में मौजूद ⏩ शेष पेज 7 पर

## आज कांग्रेस का महामंथन, देशभर के वरिष्ठ कांग्रेसियों का रहेगा जमावड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज गुरुवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आहूत की जाएगी। कांग्रेस संगठन महासचिव, संगठन, केसी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों और संगठनात्मक मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में देश के विभिन्न राज्यों की राजनीतिक स्थिति, आगामी चुनावी चुनौतियों, विपक्षी गठबंधन की रणनीति तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। हाल के महीनों में कई राज्यों में बदलते राजनीतिक समीकरणों और चुनावी गतिविधियों के मद्देनजर कांग्रेस नेतृत्व संगठनात्मक स्तर पर व्यापक समीक्षा करना चाहता है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों से उनके-अपने राज्यों की राजनीतिक रिपोर्ट भी मांगी जा सकती है। साथ ही संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियानों, बूथ स्तर की मजबूती और विभिन्न राज्यों में पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा होने की संभावना है।कांग्रेस नेतृत्व पिछले कुछ समय से राज्यों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रहा है। विभिन्न प्रदेश इकाइयों के साथ लगातार संवाद और समीक्षा बैठकों का सिलसिला भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। ⏩ शेष पेज 7 पर

## 22 नए आवेदकों को मिली मंजूरी, 12 हजार 822 करोड़ रुपए निवेश का मार्ग प्रशस्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने वस्त्र क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे चरण के तहत 22 नए आवेदकों को मंजूरी प्रदान की है। वस्त्र मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि योजना के तीसरे दौर में अब तक कुल 96 कंपनियों का चयन किया जा चुका है। मंत्रालय के अनुसार, चयनित कंपनियों द्वारा 12,822 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है, जबकि इनसे 58,000 करोड़ रुपये से अधिक का संभावित कारोबार (टर्नओवर) होने का अनुमान है। सरकार का मानना है कि इससे देश के वस्त्र उद्योग को नई गति मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। वस्त्र मंत्रालय के उक्त अधिकारी ने बताया कि स्वीकृत आवेदक पीएलआई योजना के प्रमुख फोकस क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। इनमें मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) परिधान, एमएमएफ फैब्रिक तथा तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल्स) शामिल हैं। इन क्षेत्रों को वैश्विक बाजार में तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्रालय के अनुसार, पीएलआई योजना का उद्देश्य देश में उच्च मूल्य वाले वस्त्र उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, निर्यात में वृद्धि करना तथा भारत को वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है। योजना के तीसरे चरण में नए आवेदकों के शामिल होने से घरेलू विनिर्माण क्षमता मजबूत होगी और भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को और सशक्त बना सकेगा। विशेष रूप से तकनीकी वस्त्र और मानव निर्मित फाइबर आधारित उत्पादों के क्षेत्र में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने की ⏩ शेष पेज 7 पर

### चुनाव आयोग तत्काल ले संज्ञान

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से की मुलाकात, सिंघवी ने कहा - नटराजन के खिलाफ अपराधिक मामला नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन को निर्वाचन अधिकारी द्वारा खारिज किए जाने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बुधवार को केंद्रीय चुनाव आयोग पहुंचा। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों से मुलाकात कर इस निर्णय को पूरी तरह गैर-कानूनी व लोकतांत्रिक सिद्धांतों के खिलाफ बताया और तथ्यों पर आधारित विस्तृत ज्ञापन सौंपा।



प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, दीपा दासमुंशी, स्वयं मीनाक्षी नटराजन, विवेक तन्खा, मोहम्मद अली खान और उमर होदा शामिल थे। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के कानून, आरटीआई और मानवाधिकार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने निर्वाचन अधिकारी के फैसले पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह विकृत और कानूनी रूप से गलत है, जिसका किसी भी आधार पर समर्थन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारी ने जिस आधार पर मीनाक्षी ⏩ शेष पेज 7 पर



छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
स्वास्थ्य को सुरक्षा कवच
2.46 करोड़+ हितग्राहियों को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा
Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission
पेयजल हर आंगन
41 लाख+ परिवारों को मिला नल कनेक्शन
धुआं छंटा, मुस्कान खिली
38 लाख+ महिलाओं को मिला गैस कनेक्शन
नक्सलमुक्त भारत, नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़
बस्तर से सशस्त्र माओवाद का अंत
प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin
छप्पर की जगह पक्की छत
26 लाख+ परिवारों के पक्के आवासों की स्वीकृति
शक्ति का सम्मान
68 लाख+ महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सालाना ₹12 हजार की आर्थिक सहायता
सम्मान की सौगात
24 लाख+ किसानों को सालाना ₹6,000 की आर्थिक सहायता
वित्तीय समावेशन
1.87 करोड़+ हितग्राहियों के जन धन खाते खुले
मोदी की गारंटी से आगे बढ़ता छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़




# सैदुलाजाब में डीडीए द्वारा अवैध निर्माण पर कार्रवाई , बुल्डोजर ने की तोड़ फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मालवीय नगर और सैदुलाजाब में गत हुए हादसों के बाद से इन क्षेत्रों में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का बुल्डोजर लगातार अवैध निर्माण पर तोड़ फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को भी डीडीए के बुलडोजर ने करीब दो दर्जन से अधिक अवैध निर्माण का ढहा दिया। डीडीए के पांच बुल्डोजर द्वारा की गई तोड़ फोड़ को लेकर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए है कि कार्रवाई से पहले किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई और न ही कोई नोटिस दिया गया। इतनी भीषण गर्मी में हम लोग अपने बच्चों व सामान को लेकर कहां जाएंगे।






## मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पिंजरापोल गौशाला में की पूजा अर्चना

# प्रधानमंत्री की लगभग प्रत्येक योजना के केंद्र में महिला सशक्तिकरण की भावना देती है दिखाई : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगभग प्रत्येक योजना के केंद्र में महिला सशक्तिकरण की भावना दिखाई देती है। करोड़ों शौचालयों के निर्माण से महिलाओं को सम्मान मिला, वहीं 'उज्ज्वला योजना' ने माताओं और बहनों के जीवन से धुएं की परेशानी दूर कर उनके जीवन को अधिक सुगम बनाया है। साथ ही 'मुद्रा योजना', 'पीएम स्वनिधि' और 'ड्रोन दीदी' जैसी दूरदर्शी पहलों के माध्यम से देश की लाखों महिलाओं और युवतियों को उद्यमिता और स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं। यह बातें बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर कही। इस उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को किशनगंज स्थित पिंजरापोल गौशाला पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि और प्रधानमंत्री के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की और गौ सेवा में भी सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सेवा और राष्ट्र गौरव के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज केवल जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिक प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना कर रहे हैं। इस अवसर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया, चांदनी चौक वार्ड से निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के समर्पण को सभी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित किया है। देश की सेवा का सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के दौरान उन्होंने बिना किसी अवकाश के निरंतर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके विजन के कारण ही आज भारत वैश्विक मंच पर सशक्त, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देश की आधी आबादी की ओर से वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटि-कोटि धन्यवाद करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत 'विकसित राष्ट्र' बनने के अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करेगा। अंत में उन्होंने दोहराया कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र से प्रेरणा लेकर दिल्ली सरकार भी 'विकसित दिल्ली' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है।



### मंत्री प्रवेश ने हनुमान मंदिर में पूजा कर पीएम के दीर्घ जीवन की कामना की



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को को निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक कार्यकाल पूर्ण करने के उपलक्ष्य में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह प्राचीन हनुमान मंदिर कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर देश की उन्नति, समृद्धि तथा प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घ जीवन की मंगलकामना की, कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों के बीच भंडारे के प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय डॉ. जितेंद्र सिंह तथा राजस्थान के जालोर–सिरोही लोकसभा क्षेत्र के सांसद लुम्बाराम चौधरी भी उपस्थित रहे।

### विजेन्द्र गुप्ता ने सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल एक आत्मविश्वासी और उभरते भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह बात बुधवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने पर के अवसर पर कही। इस ऐतिहासिक अवसर पर विजेन्द्र गुप्ता ने रोहिणी के प्रशांत विहार स्थित बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया तथा राष्ट्र की निरंतर शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए प्रार्थना की। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक कार्यकाल भारत के राजनीतिक एवं विधायी इतिहास को नए स्वरूप में परिभाषित करने वाला सिद्ध हुआ है। उनकी दूरदर्शी सोच ने हमारी विधान संस्थाओं को केवल बहस के मंचों से आगे बढ़ाकर तीव्र राष्ट्रीय विकास के प्रभावी माध्यमों में परिवर्तित किया है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कही।गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने ऐतिहासिक लगातार तीसरे कार्यकाल के दौरान 4,399 दिनों की सेवा पूर्ण करना उनके नेतृत्व में जनता के सतत विश्वास का प्रतीक है तथा भारत की लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुप्ता ने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्र में भारत का वैश्विक नेतृत्व बीते दशक की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। यूपीआई, डिजिलॉकर तथा डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने नागरिकों द्वारा सेवाओं के उपयोग और अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है।

### 200 से अधिक गरीब कल्याण की योजनाएं की लागू: हर्ष मल्होत्रा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है और यह सिर्फ एक कथनी नहीं थी बल्कि 200 से अधिक गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू करके उन्होंने इसको साबित करने का भी काम किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री के रुप में देश की सेवा करते हुए नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं इसलिए आज पूरा देश उनकी दीर्घायु की कामना के लिए पूजा अर्चना कर रहा है क्योंकि यह 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के साल साबित हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मेदी के के देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में सफल 4 हजार 383 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मंत्री आशीष सूद ने अपनी विधानसभा जनकपुरी में आर्य समाज मंदिर में राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण हेतु विशेष हवन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित संकल्प का प्रतीक रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा भारत के सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को श्री श्री राधा माधव (इस्कॉन) मंदिर, सेक्टर-25, रोहिणी में विशेष पूजा-अर्चना, प्रार्थना एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के श्रीचरणों में राष्ट्र की समृद्धि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल राष्ट्रसेवा के लिए विशेष प्रार्थना की।

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक अवसर पर दिल्ली के मंदिरों के दर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए पूजा और प्रार्थना की। उन्होंने वाहेगुरु से प्रार्थना की कि वे प्रधानमंत्री को उत्तम स्वास्थ्य, असीम ऊर्जा और दीर्घायु प्रदान करें, ताकि उनके नेतृत्व में विकसित भारत और सशक्त दिल्ली का संकल्प आने वाली पीढ़ियों के हित में निरंतर आगे बढ़ता रहे। उन्होंने राजौरी गार्डन स्थित ब्राह्मण समाज मंदिर, चौखंडी चौक हनुमान मंदिर तथा विष्णु गार्डन के एस-ब्लॉक स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार 4 हजार 399 दिनों की जनसेवा पूरी करने और भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करने के अवसर पर मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के कुंवर सिंह नगर और आस-पास के क्षेत्रों में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री डॉ. पंकज ने विकासपुरी के कुंवर सिंह नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में एक विशेष हनुमान चालीसा पाठ और हवन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान देश की समृद्धि, सुरक्षा, प्रगति और विकसित भारत के विजन को पूरा करने और प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और यशस्वी नेतृत्व के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक कार्यकाल पूर्ण करने के उपलक्ष्य में उन्होंने बुधवार को बागेश्वर धाम में पूजा की व प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घ जीवन की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी दूरदर्शी सोच, दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ भारत की सेवा करते हुए प्रधान सेवक के रूप में 12 वर्ष पूर्ण किए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आधार बनाकर उन्होंने देश में विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी है। यह 12 वर्षों की यात्रा संकल्प, समर्पण और निरंतर प्रयास का प्रतीक है।

## आज और कल तेज हवाएं और बारिश दे सकती है दिल्ली को भीषण गर्मी व उमस से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारी उमस व भीषण गर्मी से जल्द ही राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की भविष्यवाणी है कि गुरुवार व शुक्रवार को दिल्ली में बारिश होगी व तेज हवाएं चलेंगी जो राहत देने वाली साबित होगी। आईएमडी के अनुसार मंगलवार रात की बारिश से न्यूनतम तापमान में कुछ कमी जरूर आई है। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि गुरुवार को हल्की बारिश व तेज हवाएं चलेंगी। लेकिन शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए दिल्ली एनसीआर में तेज बारिश व 70 किमी प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की प्रबल संभावना है। आईएमडी ने कहा है कि इसके बाद शनिवार को येलो अलर्ट के तहत 50-60 किमी प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलेंगी और सुबह व दोपहर के समय हल्की बारिश देखने को मिलेगी। आईएमडी ने बताया कि सफदरजंग वेधशाला ने बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले दिल्ली में अधिकतम 9.6 मिली मीटर बारिश दर्ज की। वहीं लोधी रोड मे 7.4 मिमी, पूसा में 4.0 मिमी, राजघाट ने 0.3 मिमी और पालम में 0.1 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक है। लेकिन बारिश के चलते न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस नीचे है। जबकि पालम और रिज एरिया में 43.6 डिग्री सेल्सियस, आया नगर में 43 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 42.4 डिग्री, नजफगढ़ में 40.8 डिग्री सेल्सियस और मयूर विहार में 40.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

## एमसीडी और सीएसआईआर-सीआरआरआई के बीच समझौता

■ प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : आयुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ती प्रदूषण की चुनौतियों को कम करने के लिए दिल्ली नगर निगम और सीएसआईआर - सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए है। इस एमओयू के अनुसार, अनुमान तैयार करने, सड़क निर्माण, गुणवत्ता की निगरानी, इको-फिक्स मटीरियल खरीदने और इंजीनियरों व कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के काम को मज़बूत किया जाएगा। निगम प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी। निगम प्रशासन के अनुसार, समझौता ज्ञापन के अलावा, दोनों संगठनों ने स्टील-स्लैग आधारित मटीरियल का इस्तेमाल करके दिल्ली नगर निगम की सड़कों की पैच रिपेयर (छोटे-मोटे गड्ढों की मरम्मत) के लिए एक दो-पक्षीय टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एग्रीमेंट पर भी साइन किए। इन समझौतों पर दिल्ली नगर निगम और सीएसआईआर - सीआरआरआई के अधिकारियों ने निगम मुख्यालय में, दिल्ली नगर निगम आयुक्त संजीव खिरवार और सीएसआईआर-सीआरआरआई के डायरेक्टर डॉ. चालुमूरी रवि शेखर की मौजूदगी में साइन किए।

इस मौके पर निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि यह सहयोग सड़क के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और दिल्ली के प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सड़क की धूल शहर में वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण है और समय पर सड़क की मरम्मत से धूल के उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है।

## डीयू ने परास्नातक प्रवेशार्थियों की सहायता के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया का आरंभ चुका है। पूरे भारतवर्ष से हजारों विद्यार्थी डीयू का हिस्सा बनने के लिए हेतु आवेदन कर चुके हैं। एबीवीपी डीयू इकाई अध्यक्ष अभिनव चौधरी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बयान जारी कर कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रों की सहायता हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) डीयू इकाई ने प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों की सहायता हेतु अपना विस्तृत एबीवीपी हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। उन्होंने कुछ संपर्क सूत्र - (9354495185), (9519870289), (9936389453),(8789926606), (9334248976), (6367650450) जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कई छात्रों को तकनीकी जानकारी के अभाव में प्रवेश प्रक्रिया, फॉर्म भरने, कट-ऑफ और पाठ्यक्रम चयन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के त्वरित समाधान के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एबीवीपी ने विषय अनुसार कार्यकर्ताओं की एक हेल्पलाइन टीम गठित की है। एबीवीपी डीयू इकाई मंत्री अक्षय प्रताप ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल एक संगठन नहीं, बल्कि डीयू में कदम रखने वाले हर नए छात्र का परिवार है। कल पहले चरण का पंजीकरण होने के तुरंत बाद से ही एबीवीपी इकाई पूरी तरह सक्रिय हो गई है।

## राजस्व विभाग ने 60 संपत्तियों को जांचा कई संपत्तियों को किया ध्वस्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ और अग्निशमन नियमों के उल्लंघन करने वाली संपत्तियों पर कार्रवाई जारी है। राजस्व विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार बुधवार को 60 संपत्तियों को जांचा गया। वहीं 5 जून से 9 जून तक कुल 517 संपत्तियों को जांचा को जांचा गया। बुधवार 10 जून की कार्रवाई को शामिल करने पर अब तक कुल 577 संपत्तियों जांचा गया है। इनमें से कई पर बने अवैध निर्माणों को ध्वस्त भी कर दिया गया है। बुधवार को जांची 60 संपत्तियों में से बाहरी उत्तरी जिले की 4 संपत्तियों को ध्वस्त करने के आदेश दिए गए हैं। वहीं उत्तरी जिले की 11 संपत्तियों पर चल रहे निर्माण कार्य को रोके जाने के आदेश दिए गए हैं। पुरानी दिल्ली जिले की 1 संपत्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा दक्षिणी पश्चिमी जिले की 10 संपत्तियों को एमसीडी द्वारा जांचने और नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए हैं। वहीं दक्षिणी जिले की 8 संपत्तियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए जबकि दो संपत्तियों जांच जारी है। इसके अतिरिक्त उत्तरी पूर्वी जिले की 6 संपत्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं मध्य उत्तरी जिले की 2 संपत्तियों की रिपोर्ट एमसीडी और अग्निशमन विभाग को जांच के लिए भेजी गई है। वहीं मध्य जिले की 2 और पश्चिमी जिले की 13 संपत्तियों को नोटिस जारी किए गए हैं। उधर दिल्ली नगर निगम द्वारा बुधवार को 23 संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। 6 संपत्तियों को सील किया गया।

# निगम स्थायी समिति अध्यक्ष ने सादतपुर वार्ड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने आज शाहदरा (उत्तरी) जोन के सादतपुर वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने वार्ड में सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से सफाई कार्यों की निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे क्षेत्र में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बना रहे। उन्होंने वार्ड में हो रहे अवैध अतिक्रमणों पर भी सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता अनुसार नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उनके साथ स्थानीय पार्षद नीता बिष्ट, उपायुक्त ममता यादव तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करें

निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने भी अपनी समस्याएं बताई, इस पर स्थायी समिति अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए। तुकमीरपुर रोड के निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर खुली नालियां पाई गईं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी खुली नालियों को शीघ्र ढका जाए, ताकि उनमें कूड़ा-कचरा न डाला जा सके और जल निकासी बाधित न हो।

### गाद निकासी कराने के दिए निर्देश

आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए समिति अध्यक्ष शर्मा ने सभी नालियों की समयबद्ध डी-सिल्टिंग (गाद निकासी) कराने पर विशेष बल दिया और निर्देश दिए कि एमसीडी के अधिकार क्षेत्र की सभी नालियों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरी की जाए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

## मालवीय नगर आग: आप ने की एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में आग की बड़ी घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि इन खामियों के लिए नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) के अधिकारी जिम्मेदार हैं, लेकिन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि मालवीय नगर के हौजरानी स्थित होटल में लगी आग के मामले में भी सच्चाई खुलकर सामने आ गई है। मीडिया में है कि 2024, 2025 और 2026 में एमसीडी के हेल्थ विभाग ने इस होटल का निरीक्षण किया और उसके बाद इसे हेल्थ लाइसेंस दिया गया। हैरत की बात यह है कि कुछ साल पहले पहाड़गंज के अर्पित होटल में जो हादसा हुआ था, वहां भी लाइसेंस की खामियों की वजह से कई लोग मारे गए थे। उस समय वहां जो डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर (डीएचओ) तैनात थे, वही अधिकारी इस समय मालवीय नगर में भी हैं। संजय सिन्हा नाम के इस अधिकारी को कम से कम जेल तो भेजा जाना चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि पिछले एक हफ्ते के दौरान एमसीडी के अधीन आने वाले दो मामलों में लोगों की भयावह मृत्यु हुई है। पहला मामला साकेत के सैदुलाजाब का था, जहां एक पांच मंजिला बिल्डिंग भरभरा कर गिर गई।

खबर संक्षेप

## खाता उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर 1,27,800 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 9 जून को बुलंदशहर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान गौरव गर्ग वासी यमुना पुरम बुलंदशहर उतरप्रदेश के रुप में हुई है। जिसको आगामी पूछताछ के लिए 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है। , लेकर टेलीग्राम के माध्यम से ठगों के पास पहुंचाया था। गौरव व चंद शेखर एक ही क्षेत्र के रहने वाले है। अर्जुन व चंद शेखर को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-85 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ठगों ने उसे एक टेलिग्राम ग्रुप में जोड़ा, जहां उसे 27 जुलाई से 30 जुलाई के बीच विभिन्न टास्क दिए गए।

## हत्या के मामले में दो और पकड़ाए



**फरीदाबाद।** बीते 20 मई को तिगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैदपुर भिवाड़ी राजस्थान निवासी युवक मोनू के साथ मारपीट कर हत्या करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने एक किशोर सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब कुलभूषण को मोनू खेतों के पास दिखाई दिया तो उसने, अपने बेटे को फोन कर बुलाया था। कुलभूषण का बेटा अपने ताऊ के लड़के रोनक के साथ मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा था। मोनू को मोटरसाईकिल पर बैठाया और खेतों में स्थित अपने घर पर ले गये। उन्होंने मोनू के साथ मारपीट की। रोनक कुलभूषण के बड़े भाई का लडक़ा है। पुलिस ने बताया कि रोनक को माननीय न्यायलय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# भारत के सर्वाधिक लंबी एवं सफल अवधि वाले प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी: राजेश नागर

### साईं मंदिर में आयोजित हवन एवं विशाल भंडारे में पहुंचे मंत्री नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम बुढ़ैना में विशेष पूजा अर्चना



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर आज ग्राम बूढ़ेना स्थित श्री साईं धाम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, दिव्य हवन एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित देवतुल्य कार्यकर्ताओं और राष्ट्रभक्त श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना एवं हवन में भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित हवन में राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को अपनी राजनीति का मूल मंत्र बनाया है। उनके नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। यही कारण है कि देश का प्रत्येक वर्ग उनके नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त कर रहा है। मंत्री राजेश नागर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं, आयोजकों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति का वातावरण देखने को मिला।

### लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के उज्जवल भविष्य की कामना की

उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पार्षद रूबी सरोज शीशराम अवाना, पार्षद लाल मिश्रा, पार्षद सुमंत चंदेल, मंडल अध्यक्ष मुकेश झा, कृष्ण पहलवान, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, राहुल यादव, ओमदत्त शर्मा, रामसागर शुक्ला, जय शर्मा, रूपा वर्मा आदि।

### अवैध कब्जों से मुक्ति दिलाने की पहल से प्रशासन पर बढ़ी लोगों की उम्मीद

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने की जनसुनवाई, जनता दर्शन में उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस की तरह जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

अवैध कब्जों से मुक्ति दिलाने की पहल से प्रशासन पर बढ़ी लोगों की उम्मीद जिलाधिकारी द्वारा गरीब एवं पीड़ित परिवारों की संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जों को हटाकर वास्तविक हकदारों को उनका अधिकार दिलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। इस अभियान से प्रेरित होकर अनेक पीड़ित परिवार जनसुनवाई में पहुंचे और अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। फरियादियों ने कहा कि उन्हें प्रशासन की इस कार्रवाई से न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। कई लोगों ने अपनी भूमि, मकान और अन्य संपत्तियों पर अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए जिलाधिकारी से न्याय की मांग की।

### गरीब और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए जिलाधिकारी ने चलाया विशेष अभियान हकदारों का गृह प्रवेश



### पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन की दिशा में

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए ताकि आम जनता का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके। जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि आमजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से आशान्वित हैं और जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनहितकारी पहलों को सकारात्मक रूप से देख रहे हैं।

### साहब हमें भी न्याय दिलाइए फरियादियों की गुहार

*जनता दर्शन के दौरान अनेक गरीब एवं पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी व्यथा रखी। फरियादियों ने कहा कि वे लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं और उन्हें न्याय की आवश्यकता है। लोगों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि जिस प्रकार अन्य पीड़ितों को राहत दिलाई जा रही है, उसी प्रकार उनकी समस्याओं का भी समाधान कराया जाए।*

### पेंशन, राजस्व एवं अन्य जनसमस्याओं के मामले भी पहुंचे

*जनसुनवाई में केवल भूमि विवाद ही नहीं बल्कि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राजस्व संबंधी प्रकरणों तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं से जुड़े आवेदन भी प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

### जबरन कब्जा और दबंगई की शिकायतें भी आईं सामने

*कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसे मामले भी सामने आए जिनमें लोगों ने दबंग व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा करने की साजिश, धमकी एवं उत्पीड़न की शिकायत की। जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।*

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत चलेगा एक माह विशेष अभियान

# स्वनिधि महोत्सव और लोक कल्याण मेलों का किया जाएगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिले में पीएम स्वनिधि योजना के तहत चलेगा एक माह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में शहरी पथ विक्रेताओं को अपनी आजीविका / व्यवसाय को बढाने हेतु कार्यशील पूंजी के रूप में (प्रथम 15000 रुपए द्वितीय 25000 रुपए एवं तृतीय 50000/- रुपए ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ अन्य योजनाओं से लिंकेज कराया जा रहा है।

डूडा के अधिकारी ने बताया कि शहर मिशन प्रबन्धक डूडा गाजियाबाद ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना का शुभारंभ दिनांक 01 जून 2020 को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। योजनान्तर्गत योजना की पहुंच को और मजबूत करने के लिए शासनादेश दिनांक 01 जून 2026 से 30 जून 2026 तक 01 माह के विशेष अभियान आयोजित किये जा रहे हैं। यह अभियान तीन स्तरों पर संचालित किया जा रहा है। जनपद स्तर- स्वनिधि महोत्सव आयोजित किया जायेगा, जिसमें वेण्डर्स और उनके परिवारों की सफलता की कहानियों और उपलब्धियों का उत्सव मनाया जाएगा तथा योजना के प्रति जागरूकता बढाई जाएगी। नगर निकाय स्तर जनपद गाजियाबाद की समस्त नगर निकायों में लोक कल्याण मेले आयोजित किया जायेगें, क्रेडिट कार्ड की सुविधा, डिजिटल सशक्तिकरण, कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, बैंकर्स स्ट्रीट वेण्डर्स बैठकें तथा अंतिम स्तर तक सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। सेन्सेस टाउन स्तर जनपद गाजियाबाद में चयनित सेन्सेस टाउन ब्लॉक भोजपुर के ग्राम रोरी, औरगांबाद गदाना एवं मुरादनगर ब्लॉक के अबुपूर, बसन्तपुर सैतली व पुर्सी में स्वनिधि कैम्प आयोजित किए जाएंगें, स्ट्रीट वेण्डर्स की पहचान, उन्हे जोड़ना और योजना में शामिल करना सुनिश्चित किया जाएगा।

### जिला कांग्रेस की बैठक में एसआईआर पर चर्चा

# एसआईआर की आड़ में विपक्ष की वोटों को काटने की फिराक में है भाजपा: बलजीत कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सेक्टर-9 स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की। बैठक में पार्टी संगठन को ग्रास रूट पर मजबूत करने के साथ-साथ एसआईआर (वोटर लिस्ट पुनरीक्षण), बूथ प्रबंधन को मजबूती पर बल दिया। वहीं नेहरू कालोनी में नगर निगम द्वारा की गई तोड़फोड़ की कड़े शब्दों में निंदा की। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस के प्रधान महासचिव अशोक रावल ने की।

कांग्रेस के पदाधिकारियों ने क्रम वाइज अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से भी जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक को अवगत करवाया और जन समस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने की बात की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर भाजपा सरकार द्वारा कराई जा रही एसआईआर को लेकर सजग रहे। ध्यान रहे कि कोई भी एक भी असली वोट कटने न पाए। गलत वोट कोई जोडऩे न दिया जाए। अगर आपके संज्ञान में इस तरह का कोई मामला आता है तो उसका पुरजोर विरोध करें क्योंकि भाजपा सरकार सुनियोजित तरीके से एसआईआर की आड़ में विपक्ष की वोटों को काटने का प्रयास कर रही है। जिसका कांग्रेस कार्यकर्ता डटकर मुकाबला करें। जिन जिला पदाधिकारियों की ब्लॉक कांग्रेस वाईज प्रभारी बनाकर ड्यूटी लगाई गई है। वह अपनी रिपोर्ट जिला कार्यालय में सबमिट करें। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं आज कांग्रेस जनों से रखी है। प्रशासन स्तर की समस्याओं को अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। पार्टी संबंधित मामलों को कांग्रेस हाईकमान व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेन्द्र को जानकारी दी जाएगी। अन्य के अलावा मास्टर ऋषिपाल, प्रवक्ता योगेश ढींगड़ा, राकेश तंवर, विनोद कौशिक, वेदप्रकाश यादव, रेनू चौहान, उमेश कौशिक, अशोक रावल, डा. सौरभ, गौरव ढींगड़ा, पंचायती राज के अध्यक्ष विजयपाल सिंह, मुकेश डागर, सुनीता फागना, बलजीत अरोड़ा आदि।

### ऑनलाइन कुछ और हकीकत कुछ और

# अब गांव-जंगल के स्टे भी होंगे ब्रांडेड टार्जन लाया नया लाइसेंसिंग मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जंगल, पहाड़, खेत या नदी किनारे बने छोटे-बड़े फार्मस्टे, ईको-स्टे अब और भरोसेमंद बनेंगे। ईबीजी ग्रुप के टार्जन नेचर रिट्रीट ने भारत के बिखरे हुए ऑफबीट स्टे को ब्रांडेड और प्रोफेशनल बनाने के लिए नया लाइसेंसिंग मॉडल लॉन्च किया है।

दरअसल, आज देश में फार्मस्टे, नेचर कैंप, बुटीक रिसॉर्ट तो खूब बन रहे हैं, लेकिन दिक्कत ये है कि हर जगह का स्टैंडर्ड अलग है। कहीं सफाई नहीं, कहीं स्टाफ ट्रेंड नहीं, कहीं फोटो ऑनलाइन कुछ और हकीकत कुछ और। यात्री को पता ही नहीं चलता कि बुक करें या नहीं। टार्जन इसी भरोसे की कमी को दूर करना चाहता है। ईबीजी समूह के अध्यक्ष इरफान खान ने कहा कि आज का यात्री भीड़-भाड़ से दूर प्रकृति में जाना चाहता है, पर वो रिस्क नहीं लेना चाहता। उसे सफाई, सुरक्षा, अच्छा खाना और पारदर्शिता चाहिए। टार्जन लाइसेंसिंग इसी गैप को भरने के लिए है। हम छोटे स्टे को ब्रांड, एसओपी और भरोसा देंगे। जो प्रॉपर्टी टार्जन से जुड़ेगी, उसे पूरा मेकओवर ब्रांड का नाम, बेहतर डिजाइन, प्रोफेशनल फोटोग्राफी, ओटीए पर लिस्टिंग, सही प्राइसिंग, हाउसकीपिंग ट्रेनिंग, स्टाफ ट्रेनिंग, गेस्ट एसओपी और सेंट्रल मार्केटिंग सपोर्ट मिलेगा। वहीं जरूरत पड़ी तो स्पा कॉटेज, प्लंज पूल, रेस्टोरेंट पॉड, गाइडेड एक्टिविटी भी जोडऩे में मदद मिलेगी। कंपनी का लक्ष्य है कि 2026 के अंत तक 1000 से ज्यादा नेचर-बेस्ड प्रॉपर्टी को इस नेटवर्क से जोड़ा जाए। ताकि यात्रियों को हर जगह प्रकृति, आराम, सुरक्षा, भरोसा एक साथ मिले, और लोकल पहचान भी बनी रहे। इससे रिसॉर्ट मालिक को बिना नया बनाने के अपनी प्रॉपर्टी को प्रोफेशनल बनाकर ज्यादा कमाई होगी।

### किशोर का सफलतापूर्वक उपचार हुआ

# यथार्थ हॉस्पिटल फरीदाबाद ने हाइपर एक्यूट लिवर फेलियर से जूझ रहे 14 वर्षीय किशोर की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



यथार्थ हॉस्पिटल सेक्टर-20 फरीदाबाद के डॉक्टरों ने हेपेटाइटिस ए के कारण हुए हाइपर.एक्यूट लिवर फेलियर से पीड़ित 14 वर्षीय किशोर का सफलतापूर्वक उपचार कर उसकी जान बचाई। समय पर इलाज, गहन निगरानी और सुव्यवस्थित उपचार योजना की बदौलत डॉक्टरों ने इस गंभीर और जानलेवा स्थिति पर काबू पाया।

मरीज मानव को लगातार बुखार, बार.बार उल्टी होने और लिवर फंक्शन टेस्ट में गंभीर गड़बड़ी के कारण एक अन्य अस्पताल में पांच दिनों तक उपचार मिलने के बाद यथार्थ हॉस्पिटल रेफर किया गया था।

अस्पताल पहुंचने पर उसकी स्थिति बेहद गंभीर थी। उसके लिवर एंजाइम्स का स्तर अत्यधिक बढ़ा हुआ था, पीलिया था, भोजन और तरल पदार्थ लेने की क्षमता काफी कम हो गई थी तथा उसकी चेतना का स्तर भी प्रभावित हो रहा था। जांच में पता चला कि वह हाइपर एक्यूट लिवर फेलियर और तेजी से बढ़ती हेपेटिक एन्सेफैलोपैथी से ग्रस्त था। यह ऐसी स्थिति है जिसमें लिवर की गंभीर खराबी के कारण शरीर में विषैले तत्व जमा होकर मस्तिष्क को प्रभावित करने लगते हैं। इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए यथार्थ हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक्स विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ.संजीव दत्ता ने कहा कि जब मानव हमारे अस्पताल पहुंचा, तब उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। वह हेपेटाइटिस.ए के कारण हुए हाइपर-एक्यूट लिवर फेलियर और बढ़ती हुई हेपेटिक एन्सेफैलोपैथी से जूझ रहा था। ऐसे मामलों में तत्काल मल्टीडिसिप्लिनरी इंटरवेंशन की आवश्यकता होती है क्योंकि मरीज की स्थिति बहुत तेजी से बिगड़ सकती है। हमारी टीम ने उसके प्रत्येक क्लिनिकल पैरामीटर की लगातार निगरानी की और लिवर की रिकवरी को बढ़ावा देने तथा कॉम्प्लीकेशन्स को रोकने के उद्देश्य से आक्रामक उपचार शुरू किया। समन्वित देखभाल और निरंतर मूल्यांकन इस कॉम्प्लेक्स मामले के सफल प्रबंधन में बेहद महत्वपूर्ण रहे। अस्पताल में भर्ती होते ही बच्चे को पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट में स्थानांतरित किया गया और एडवांस्ड सपोर्टिव ट्रीटमेंट शुरू किया गया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत 5 मामले दर्ज

# क्राईम ब्रांच डीएलएफ की कार्रवाई 256 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने 256 ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान दलीप कुमार वासी गांव पिगांव, मथुरा हाल नंगला एन्क्लेव पार्ट-2 फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस ने बताया कि 9 जून को क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर दलीप कुमार को 256 ग्राम गांजा सहित डबुआ क्षेत्र में गिरफ्तार किया था।



जिसके विरुद्ध थाना डबुआ में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि वह 3000 रुपए में 500 ग्राम गांजा सदर बाजार दिल्ली से खरीद कर लाया था। जिसमें से कुछ गांजा उसने बेच दिया। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड रहा है, जिस पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के 5 मामले दर्ज है।

### अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम कर रही है तलाश

# वाहन चोर, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद साथी के साथ मिलकर वारदात को दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने थाना सारन में दर्ज एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने जसवीर सिंह पुत्र निवासी गांव सहसन जिला डीग राजस्थान को सेक्टर-3 क्षेत्र से 9 जून को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी की मोटरसाइकिल उसके पास थीए जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी को 3 दिन पुलिस रिमांड पर लेकर अपराध शाखा की टीम पूछताछ कर रही है। बता दें कि 6 मई को पर्वतीय कॉलोनी निवासी आकाश शर्मा की मोटरसाइकिल को अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर के बाहर से चोरी कर लिया था। शिकायत पर थाना सारन में चोरी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# भारत की ग्रोथ स्टोरी अब सिर्फ बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं: अभिजीत शाह

**गुरुग्राम।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने निफ्टी स्मॉलकैप 250 ईटीएफ लॉन्च किया है। इसके जरिए एक ही बार में देश की 250 उभरती स्मॉलकैप कंपनियों में निवेश किया जा सकेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के चीफ मार्केटिंग एवं डिजिटल बिजनेस ऑफिसर अभिजीत शाह ने कहा कि भारत की विकास यात्रा पहले से कहीं अधिक व्यापक अवसरों का सृजन कर रही है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी स्मॉलकैप 250 ईटीएफ निवेशकों को पारदर्शी और लागत-कुशल निष्क्रिय निवेश संरचना के माध्यम से उभरते व्यवसायों के विविध पोर्टफोलियो तक पहुँच प्रदान करता है। यह ईटीएफ उन निवेशकों के लिए तैयार किया गया है जो भारत के बढ़ते स्मॉलकैप अवसरों में दीर्घकालिक भागीदारी चाहते हैं और साथ ही विभिन्न क्षेत्रों तथा कंपनियों में व्यापक विविधीकरण का लाभ उठाना चाहते हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | एम.सी. हिसार में दुग्ध डेयरियों की शिफ्टिंग। | बंद होने की तिथि 29.06.2026 | रु. 3461.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662237007 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46079/I/88/7 दि. 10.06.26

विज्ञापन संख्या : 04/2026
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
वेबसाइट : www.sanskrit.nic.in

भर्ती की अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली अपने तीन परिसरों, अर्थात वेदव्यास परिसर, बलहार (हिमाचल प्रदेश), श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग (उत्तराखण्ड) तथा एकलव्य परिसर, अगरतला (त्रिपुरा) में विभिन्न शैक्षणिक /अन्य शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। इन पदों में सह-आचार्य **(Associate Professor)-23** पद, सहायक आचार्य **(Assistant Professor) - 63 पद तथा अन्य शैक्षणिक-04 पद** सम्मिलित हैं। पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यताएँ, भर्ती प्रक्रिया, रिक्तियों के वितरण, आरक्षण, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया (जिसमें यूजीसी विनियमों के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग मानदंड एवं परीक्षाओं सहित अंकभार मानदंड, मूल्यांकन मानदंड, साक्षात्कार तथा अन्य आवश्यक आवश्यकताएँ सम्मिलित हैं) से संबंधित व्यापक जानकारी विस्तृत विज्ञापन संख्या 04/2026 में उपलब्ध होगी, जिसे **दिनांक 10.06.2026** से विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** के **Recruitment/Notification** अनुभाग में देखा जा सकता है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को साग्रह परामर्श दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले वहां उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.07.2026 है।

दिनांक: 10.06.2026
हस्ता./-कुलसचिव (प्र.)

CBC-21212/11/0005/2627

# अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के लिए 55 हजार से ज्यादा चालान कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हफ्ते भर चले अतिक्रमण और अनधिकृत पार्किंग विरोधी अभियान के दौरान राजधानी में 55,000 से ज्यादा चालान काटे गए और 3,100 से ज्यादा गाड़ियों को जब्त किया गया। यातायात पुलिस और एमसीडी की यह संयुक्त कार्रवाई 144 जगहों पर की गई।



■ यातायात पुलिस और एमसीडी की संयुक्त कार्रवाई

यातायात पुलिस के अनुसार एक से सात जून के बीच दिल्ली नगर निगम के साथ मिलकर सभी यातायात सर्किल और रेंज में सघन अभियान चलाए गए। यह अभियान मुख्य सड़कों, बाजारों, फुटपाथ, सर्विस लेन और यातायात के लिहाज से अहम दूसरी जगहों पर चलाया गया जहां अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की वजह से गाड़ियों की आवाजाही में रुकावट आ रही थी। यातायात पुलिस की एडिशनल सीपी विजयंता गोयल आर्या के अनुसार इस कार्रवाई के तहत, सड़कों पर रुकावट डालने और गाड़ियों की आवाजाही में बाधा पहुंचाने वाले वाहन चालकों और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 55,532 चालान जारी किए गए। अधिकारी ने बताया कि 3,123 वाहनों को जब्त किया या या उठाकर यार्ड में पहुंचाया गया। ये वाहन या तो लावारिस हालत में थे, अवैध रूप से खड़े किए गए थे या फिर सड़क और फुटपाथ पर रुकावट पैदा कर रहे थे। सड़कों और फुटपाथों को घेरने वाले 1,264 अतिक्रमण तथा 1,015 अन्य अवैध ढांचे हटाए। इनमें अस्थायी दुकानें, बिना मंजूरी वाले व्यावसायिक डिस्प्ले, अवैध विस्तार और लोगों की आवाजाही में बाधा डालने वाले अन्य निर्माण शामिल थे। अधिकारी ने कहा कि पहले चरण में नियमों को लागू करने की कोशिशें छह चुनिंदा जगहों पर केंद्रित थीं, जिनमें कमला नगर में स्पार्क मॉल, ग्रेटर कैलाश-1 में एम-ब्लॉक मार्केट, हौज खास, कुतुब रोड, निजामुद्दीन बस्ती और परेड ग्राउंड शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान के दूसरे चरण में साकेत स्थित मैक्स अस्पताल, चर्च मिशन रोड, पुष्प विहार रोड, शालीमार बाग स्थित मैक्स अस्पताल, यूसुफ सराय-ग्रीन पार्क, अलकनंदा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, गीता कॉलोनी स्थित सामुदायिक केंद्र व सब्जी मंडी के आस-पास के इलाके, लक्ष्मी नगर का कार बाजार, गीता कॉलोनी की चारदीवारी के पास के स्थान और कड़कड़डूमा अदालत के आसपास के इलाके शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप




### कुख्यात झपटमार चढ़ा एएसबी के हत्थे

**नई दिल्ली।** ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी (एएसबी) सेल ने एक कुख्यात नाबालिग झपटमार को पकड़ा है। ऑपरेशन स्ट्रीट शील्ड के तहत की गई इस कार्रवाई के बाद झपटमारी के कई मामले सुलझे हैं। इसके पास 11 मोबाइल फोन, अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक और करीब साढ़े तीन हजार रुपये नकद जब्त किये गये। पुलिस ने कुल 13 मामले सुलझाने का दावा किया है। इनमें ईस्ट डिस्ट्रिक्ट से जुड़े 10 केस शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मयूर विहार थाना क्षेत्र में 8 जून को आईपी एक्सटेंशन निवासी महिला का सुबह लगभग 11:58 बजे बाइक सवार युवक व युवती ने मोबाइल फोन छीन लिया था। ऐसी ही एक वारदात 9 जून को भी सामने आई थी जिसमें नोएडा निवासी महिला का भी मधु विहार थाना एरिया में मोबाइल छीना गया था। दोनों ही मामलों में युवक व युवती शामिल थे। मामले की गंभीरता को देखते हुये एसआई अजय तोमर के नेतृत्व वाली एसआई सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल मनेंद्र, सुबोध, नवदीप, कांस्टेबल अनंत पाल और मोरध्वज की एएसबी सेल भी जांच में जुटी थी। टीम ने आरोपियों के रूट से जुड़े सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिसके बाद साढ़े 17 वर्षीय आरोपी गाजीपुर से पकड़ा गया। आरोपी अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देता था।

### आग लगने से तीन दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में चार नकाबपोश युवकों ने तीन दोपहिया वाहनों में आग लगा दी। मामला आठ जून का बताया जा रहा है। घटना को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कहीं है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर दो बाइक और एक स्कूटर आग से क्षतिग्रस्त मिले हैं। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर चार नकाबपोश युवक देर रात इलाके में घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस घटना से कुछ दिन पहले एक स्थानीय निवासी ने इलाके के पार्क में मादक पदार्थों के सेवन को लेकर पुलिस से शिकायत की थी। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि उस घटना से गुस्साएं कुछ लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। युवकों ने सबसे पहले उसी व्यक्ति के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को आग लगाई जिसने पुलिस से शिकायत की थी। कैमरा फुटेज में दिखा कि युवकों ने आसपास खड़ी मोटरसाइकिलों की जांच की और फिर उनमें से कई में आग लगा दी। स्थानीय लोगों का दावा है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कुछ देर तक वहीं रुके रहे और बाद में बिना किसी जल्दबाजी के इलाके से चले गए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### घर के बेसमेंट स्टोर में लगी आग, कोई घायल नहीं

**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में एक घर के बेसमेंट स्टोर क्षेत्र में बुधवार को आग लग गई। दमकल विभाग के अनुसार दोपहर 2:10 बजे बेगमपुर थाने के पीछे स्थित एक घर में आग लगने की सूचना मिली। दमकलकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और पाया कि आग बेसमेंट स्टोर क्षेत्र तक ही सीमित थी। आग मामूली थी और इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दमकल अधिकारी ने बताया कि हमारी टीमों ने दोपहर 2:30 बजे तक आग बुझा दी। स्थान को ठंडा करने का काम बाद में भी चलता रहा। आग लगने की वजह अब तक पता नहीं चल पाई है।

## स्पेशल सेल ने की कार्रवाई

# टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो शूटर गिरफ्तार



### 17 मामलों में शामिल अपराधी मुठभेड़ में दबोचा

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने मूलचंद मेट्रो स्टेशन के पास मुठभेड़ में एक शातिर अपराधी को पैर में गोली मारकर दबोच लिया। बदमाश का नाम सोनू बताया गया है। उसके खिलाफ 17 आपराधिक मामले दर्ज बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार सोनू की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद मूलचंद मेट्रो स्टेशन के पास एक गली में जाल बिछाया गया। जब संदिग्ध बदमाश मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा, तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन आत्मसमर्पण करने के बजाय सोनू ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस टीम को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान उसके पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया। सोनू गोविंदपुरी थाने का बीसी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों की हत्या की प्लानिंग कर रहे टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। विदेश से काम कर रहे गैंग के सरगना वॉयस ऐप्स के जरिए उन्हें निर्देश दे रहे थे। बदमाशों से दो पिस्तौल, सात कारतूस बरामद हुये हैं। इसके साथ ही विदेश में बैठे गैंग हैंडलर्स से बातचीत के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। इस गिरफ्तारी से दिल्ली-एनसीआर में हिंसक गैंगवार और संभावित हत्याओं की साजिशें नाकाम हुई हैं।

डीसीपी नारा चैतन्य के अनुसार 8 जून को स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज टीम ने टिल्लू ताजपुरिया गैंग के जिन दो शूटरों को गिरफ्तार किया है उनके नाम जतिन निवासी सुल्तानपुरी और विनय मान उर्फ बिट्टू निवासी अलीपुर है। संगठित अपराध के खिलाफ अपनी लगातार कार्रवाई के तहत स्पेशल सेल जबरन वसूली, टारगेटेड किलिंग और गैंगवार में शामिल बदमाशों पर कड़ी नजर रख रही है। इस प्रक्रिया के दौरान जानकारी मिली कि विदेश से काम कर रहे टिल्लू ताजपुरिया गैंग के फरार सदस्यों ने अपने गुर्गों को विरोधी गोगी गैंग के मुख्य सदस्यों को निशाना बनाने का काम सौंपा था। गौरतलब है कि 2014 से जितेंद्र मान उर्फ गोगी और टिल्लू ताजपुरिया गैंग के बीच हिंसक दुश्मनी रही है। दोनों गैंग सरगनाओं की हत्या के बाद भी इन गैंग्स के सदस्य एक दूसरे को निशाना बनाते रहे हैं।

# साइबर ठगी की 159 शिकायतों से जुड़े मामले में बैंक उप प्रबंधक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने एक सहकारी बैंक के उप प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। इस पर म्यूल खाता खुलवाने में मदद व उसका इस्तेमाल करने का आरोप है। इसी खाते के जरिये साइबर ठगी की रकम को प्राप्त करने और उसे इधर उधर ठिकाने लगाने में किया जा रहा था। इसके जरिए लगभग 67.92 करोड़ रुपये के लेन-देन का पता चला है।



डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार आरोपी की पहचान पवित्र कुमार बिस्वाल (42) के तौर पर हुई है और वह पूर्वी दिल्ली में एक सहकारी बैंक की न्यू कोंडली शाखा में उप प्रबंधक के तौर पर काम कर रहा था। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज शिकायतों के विश्लेषण के दौरान यह खाता जांच के दायरे में आया था। जांचकर्ताओं ने पाया कि देश के अलग-अलग हिस्सों से दर्ज साइबर धोखाधड़ी की 159 शिकायतों में यह खाता शामिल था और इसका इस्तेमाल ऑनलाइन धोखाधड़ी से हासिल किए गए पैसे को लेने और स्थानांतरित करने के लिए किया गया था। डीसीपी के मुताबिक, मामला दर्ज किया गया और जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि यह खाता महाकाल एंटरप्राइजेज के नाम से था और इसे कथित तौर पर शैलेंद्र कुमार यादव के नाम पर खोला गया था। हालांकि, जब यादव का पता लगाकर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने खाता खोलने, बैंक शाखा जाने या खाता खोलने से जुड़े किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। कुमार ने बताया कि जांच से यह पुष्टि हुई कि संबंधित समय के दौरान वह बैंक में मौजूद नहीं थे और खाता खोलने वाले फॉर्म पर किए गए हस्ताक्षर उनके दस्तखत से मेल नहीं खाते थे। जांचकर्ताओं ने यह निष्कर्ष निकाला कि यादव की जानकारी और पहचान-पत्रों का कथित तौर पर उनकी सहमति के बिना खाता खोलने के लिए दुरुपयोग किया गया। अधिकारी ने बताया कि बैंक रिकॉर्ड की जांच से पता चला कि बिस्वाल ने खाता खोलने को मंजूरी दी थी। पूछताछ के दौरान, बिस्वाल ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि न तो उसने फर्म का भौतिक सत्यापन किया था और न ही खाता खोलने के दस्तावेजों में दिए गए पते पर वह गया था। डीसीपी ने बताया कि बैंकिंग लेन-देन की जांच से पता चला है कि इस खाते में लगभग 67.92 करोड़ रुपये जमा किए गए और उसके जरिए स्थानांतरित किए गए। अधिकारियों को शक था कि बैंकिंग प्रणाली के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों को नजरअंदाज किया गया, जिससे साइबर अपराधियों को 'म्यूल अकाउंट' को चलाने में कथित तौर पर मदद मिली। जांच के दौरान मिले सबूतों के आधार पर बिस्वाल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस बड़े साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़े अन्य लाभार्थियों, मदद करने वालों, बैंक खातों और व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## भाजपा चुनाव आयोग को दिल्ली में नहीं काटने देंगे वोटरों के नाम, बीएलए-2 को दे रहे ट्रेनिंग: देवेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि भाजपा व चुनाव आयोग को दिल्ली में वोटरों के वोट किसी भी कीमत पर काटने नहीं देंगे। कांग्रेस वोट काटने से रोकने के लिए अपन कार्यकर्ताओं को पूरी तरह से ट्रेनिंग दे रही है। कांग्रेस के बीएलए -1 और बीएलए-2 पार्टी की रीढ़ के रुप में काम कर रहे हैं, हम उनको पूरी तरह से प्रशिक्षण देकर ट्रेड कर रहे है। हमारे यह कार्यकर्ता अपनी मेहनत और जनता के बीच जाकर ऐसा काम करेंगे कि भविष्य में उनका काम ही उनकी पहचान होगा। यादव बुधवार को सुबह बाबरपुर जिला और करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। यादव ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी कहते है कि बहुत से लोग बड़े नेता बने घूमते है , लेकिन वास्तव में जो काम करेगा वही बड़ा होता है। इस मौके पर यादव के अलावा पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक राजेश लिलोठिया, भीष्म शर्मा, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन व मंगेश त्यागी व बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग सहित अन्य मौजूद थे। यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी बीएलए-2, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, बीएलए-1 सहित जिला व ब्लाक पदाधिकारियों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मान्यता प्राप्त पहचान पत्र बनाकर देगी। इस पहचान पत्र दिखाकर गर्व से कहा जाएगा कि मैं कांग्रेस का सिपाही हूं। ऐसे शिविर में बीएलए-2 के सवालों और एसआईआर के दौरान क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के हल कैसे करना है के बारे में बूथ मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी विस्तार से बता रहे है। बीएलए-2 की जिम्मेदारी है कि अपने बूथ की वोटर लिस्ट में मतदाताओं की एक-एक करके जांच करें, कि कहीं किसी वैध मतदाता का वोट किसी साजिश के तहत काटा तो नहीं गया है। उन्होंने कहा कि एक बूथ पर 1200 के लगभग मतदाता होते है और 200-250 घर होते है। अगर आप अपने क्षेत्र के 400-500 लोगों को जानते है, उनके अलावा अगर ईमानदारी से 50-60 घरों में जाकर गंभीरता पूर्वक लोगों से सम्पर्क साध कर जांच करेंगे, तो कोई सूरत नही कि कोई भी वहां अवैध रूप में वोट बनाने और वैध वोट काटने का काम कर सके।

## सीएम बयानबाजी छोड़ ओ जोन के गांवों, कॉलोनियों में तोड़ फोड़ रोकने के आदेश जारी करें: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से कहा है कि वह अब बयानबाजी छोड़कर ईमानदारी से ओ जोन के अंतर्गत आने वाली कालोनियों और गाँव में तोड़ फोड़ रोकने के लिए सरकारी आदेश जारी कर लोगों को राहत प्रदान करें। क्योंकि ओ जोन के नाम पर लोगों के वर्षों पुराने घर व मकानों को तोड़ने की साजिश सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से आम लोगों के हितों का सरंक्षण करने की बजाय उनको उजाड़ने का कार्य ही किया जा रहा है। यादव ने आरोप लगाए कि जहां पहले दिल्ली के लाखों झुग्गी झौपड़ी वालों को उजाड़ दिया और अब 90 से अधिक कॉलोनियों व 10 से अधिक गाँव को ओ जोन में डालकर यह सरकार 15 लाख से अधिक लोगों को बेघर करना चाहती है। यादव न दावा किया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करते वक्त ओ जोन में डाली गई इन 90 से अधिक कॉलोनियां व 12 के करीब गांव को एफ जोन में रखकर सभी कॉलोनियों को एक साथ नियमित करने का रास्ता साफ किया था। उस दौरान 2008 में शीला दीक्षित सरकार ने दिल्ली की 1639 अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करके लाखों लोगों को सीधी राहत दी थी। यादव ने आरोप लगाया कि लेकिन आज भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार नए सिरे से 1639 में से केवल 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की बयानबाजी के सहारे अपने सिर सेहरा बांधने की राजनीति कर रही है।

## एलजी से मिलने पहुंचा छत्तीसगढ़ के युवाओं का प्रतिनिधिमंडल, एक भारत श्रेष्ठ भारत पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से छत्तीसगढ़ से आए 65 युवा प्रतिभागियों के एक उत्साही प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। यह प्रतिनिधिमंडल युवा संगम चरण छह का हिस्सा है। युवा संगम कार्यक्रम का समन्वय आईआईटी द्वारा किया गया था। इस बारे में एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत की अगुवाई में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, एक प्रभावशाली और प्रमुख कार्यक्रम युवा संगम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम पीएम मोदी के राष्ट्रीय एकता के विज़न को अपने पाँच मुख्य स्तंभों पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी के माध्यम से बखूबी साकार करता है। एलजी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान भारत की उभरती वैश्विक भूमिका, सार्वजनिक नीति में बदलाव और हमारे युवाओं के लिए उपलब्ध बेमिसाल मौकों पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा में विकसित भारत 2047 को आकार देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका युवा ही निभाते हैं को लेकर उनकी राय सार्थक नजर आई। एलजी ने कहा कि साथ ही, मैंने जनसेवा और कूटनीति के क्षेत्र में अपनी यात्राओं के अनुभव और विचार भी साझा किए।

## एलजी के दिशा निर्देश पर डीडीए ने कई संपत्तियों की लगाई बोली, 1300 करोड़ से भरी झोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल के दिशा निर्देश पर द्वारा आयोजित की गई मेगा ई-नीलामी में लगा बोली से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की झोली 1300 करोड़ से भी अधिक की बोलियों से झोली भर गई है। इस बारे में डीउए ने बताया कि एलजी के दिल्ली को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में विकसित करने के विज़न के अनुरूप, डीडीए की मेगा ई-नीलामी को पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से व्यापक एवं उत्साहजनक भागीदारी प्राप्त हुई। डीडीए की करीब 142 संपत्तियों एवं भूमि परिसंपत्तियों के लिए 480 करोड़ के आरक्षित मूल्य के मुकाबले लगभग तीन गुणा 1,321 करोड़ की उच्चतम बोलियां प्राप्त हुईं हैं। डीडीए ने बताया कि कड़कड़डूमा स्थित संपत्तियों को निवेशकों की ओर से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई और संस्थागत प्लॉटों के लिए रिकॉर्ड 3,160 करोड़ की बोलियां प्राप्त हुईं। इस ई-नीलामी में 480.38 करोड़ के कुल आरक्षित मूल्य के मुकाबले 1,321.21 करोड़ की उच्चतम बोलियां प्राप्त हुईं। इस प्रकार, आरक्षित मूल्य की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मूल्य प्राप्त हुआ, तथा कुल आरक्षित मूल्य पर लगभग 175 प्रतिशत का प्रीमियम अर्जित किया गया। पदभार संभालते ही एलजी संधू राजधानी दिल्ली को एक वैश्विक शहर के रूप में विकसित करने पर विशेष बल दे रहे हैं। जिसमें स्वच्छ एवं सतत निवेश, विश्वस्तरीय आवासीय सुविधाओं तथा दिल्ली को पुन एक प्रमुख वित्तीय केंद्र के रूप में स्थापित करने के अवसरों के सिद्धांतों पर आधारित होना शामिल है। ई-नीलामी में पूरी दिल्ली में 142 संपत्तियों और भू संपत्तियों की पेशकश की गई। इनमें आवासीय, वाणिज्यिक और संस्थानिक प्लॉट, ग्रुप हाउसिंग साइट्स, कमर्शियल एस्टेट की निर्मित दुकान, मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधाएं, कियोस्क और राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद लाइसेंस-फीस पर आधारित अन्य संपत्तियां शामिल हैं। डीडीए ने दावा किया कि पारदर्शी और तकनीकी-समर्थित डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित इस ई-नीलामी ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और सही कीमत तय करने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करते हुए स्टेकहोल्डर्स को मौके भी दिए हैं। डीडीए के अनुसार कड़कड़डूमा के 21-22 पॉकेट में एक कमर्शियल प्लॉट के लिए 36 बोलीदाता आए और इसकी कीमत इसके रिजर्व प्राइस से दस गुना से भी ज्यादा हो गई। कड़कड़डूमा में ही एक और इंस्टीट्यूशनल प्लॉट नंबर 3ए की ई - नीलामी में सबसे अधिक बोली वाली प्रॉपर्टी बनकर उभरी।

## हादसे के बाद क्या छिपाया जा रहा है, बताए भाजपा

# साकेत बिल्डिंग हादसे के 12 दिन बाद भी मलबा नहीं हटा पाई भाजपा सरकार: आप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के साकेत स्थित सैदुलाजाब में भवन हादसे के 12 दिन बाद भी भाजपा सरकार मलबा नहीं हटा पाई है। आखिर दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा क्या छिपाया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के एमसीडी में सह प्रभारी प्रवीण कुमार ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर भाजपा पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार मौतों का असल आंकड़ा छिपाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन धीमा चला रही है। उन्होंने भाजपा सरकार से पूछा कि आखिर रेस्क्यू ऑपरेशन कब खत्म होगा? अगर दिल्ली में कहीं इससे बड़ी त्रासदी हो गई तो उससे निपटने के लिए सरकार की क्या तैयारी है? उन्होंने मांग की कि सैदुलाजाब मामले की एसआईटी से जांच कराई जाए ताकि मौतों का सही आंकड़ा पता चल सके और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सके। इस दौरान एमसीडी सह-प्रभारी प्रीति डोगरा ने कहा कि हादसे के 12 दिन बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन का जारी रहना भाजपा सरकार की नाकामी को बयां करता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस मामले की एसआईटी जांच हो, ताकि मौतों का सही आंकड़ा पता चल सके और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सके।

### लगभग 40 फीसद मलबा अभी भी वहीं पड़ा: त्यागी

उधर, "आप" के महरौली पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश त्यागी ने बताया कि मंगलवार को आम आदमी पार्टी मौके पर गई थी। वहां की वास्तविक स्थिति यह है कि लगभग 40 फीसद मलबा अभी भी जस का तस पड़ा हुआ है। मलबे के नीचे एक बेसमेंट भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेस्क्यू टीम दिन में न के बराबर काम करती है। इनका मकसद किसी भी तरह से मौत के असल आंकड़ों को छिपाना है।

### सभी कुछ भाजपा का, फिर भी देरी क्यों: अरुण नावरिया

निगम पार्षद अरुण नावरिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की चार इंजन वाली सरकार में देश के प्रधानमंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री, एलजी, महापौर, जोन चेयरमैन सहित सभी भाजपा के हैं। जिस वार्ड में यह हादसा हुआ, वहां के विधायक व पार्षद भी भाजपा के ही हैं। सब कुछ उनके हाथ में होने के बावजूद वे लोगों की जान नहीं बचा सके। 400 गज की जगह में तीन मंजिला इमारत का मलबा 12 दिनों तक नहीं उठाया जा सका है।

## एमटीएनएल की केबल क्षतिग्रस्त होने से राजस्व विभाग का काम प्रभावित

■ गुरुवार तक सेवा बहाल होने की उम्मीद : एमटीएनएल

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

नरेला विधानसभा के अलीपुर स्थित जिला मजिस्ट्रेट (राजस्व) कार्यालय की प्रमाण-पत्र शाखा का कार्य इंटरनेट सेवा बाधित होने के कारण प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार, एमटीएनएल की ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) क्षतिग्रस्त होने से इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है, जिसके चलते विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्रों के निर्माण और संबंधित ऑनलाइन कार्यों में देरी हो रही है। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने एमटीएनएल से संपर्क कर समस्या के समाधान के संबंध में जानकारी मांगी। वहीं, हरिभूमि संवाददाता को इस मामले में एमटीएनएल के अधिकारियों ने बताया कि ओएफसी केबल में तकनीकी समस्या आई है, जिसे ठीक करने का कार्य जारी है। एमटीएनएल के अनुसार, इंटरनेट सेवा के गुरूवार, 11 मई तक बहाल होने की संभावना है।

बता दें कि इंटरनेट सेवा प्रभावित होने से राजस्व विभाग की तरफ से जारी होने वाली सेवाएं जरूरतमंदों को समय से नहीं मिल पा रही है और इसके चलते नरेला एसडीएम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बड़ी संख्या में नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां इस विभाग से आय, जाति, निवास, ईडब्ल्यूएस तथा अन्य प्रमाण-पत्रों से जुड़े कई कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। विशेष रूप से विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं और शैक्षणिक प्रक्रियाओं में प्रमाण-पत्रों की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को ज्यादा दिक्कत हो सकती है। वहीं, एसडीएम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि इंटरनेट सेवा पूरी तरह बहाल होने तक आवश्यक कार्यों के लिए अतिरिक्त समय का ध्यान रखें। वहीं, एमटीएनएल की तकनीकी टीम समस्या के शीघ्र समाधान में जुटी हुई है।

## एमसीडी में हो रही विजिलेंस विभाग के आदेशों की अनदेखी

■ अवैध फैक्ट्रियों पर कार्रवाई के नाम पर हो रहा खेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सिविल लाइन ज़ोन में भ्रष्टाचार और अधिकारियों की कथित मिलीभगत का गंभीर मामला सामने आया है। सामाजिक संस्था मेरा अधिकार एनजीओ के अध्यक्ष अश्वनी बागड़ी ने विजिलेंस विभाग, आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारियों को दस्तावेज़ी साक्ष्यों सहित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि अवैध फैक्ट्रियों और गोदामों पर कार्रवाई के नाम पर बड़े स्तर पर अवैध वसूली का खेल चल रहा है। शिकायत के साथ लगाए गए दस्तावेज़ों के अनुसार एक लाइसेंसिंग निरीक्षक को पूर्व में फर्जी नोटिस प्रकरण में निलंबित किया गया था। विजिलेंस विभाग द्वारा जारी आदेश में उसे सामान्य शाखा में रखने तथा लाइसेंसिंग कार्य से दूर रखने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद बाद में जारी आदेशों में उसी कर्मचारी को सहायक आयुक्त सिविल लाइन जोन द्वारा पुनः ऐसे वार्ड का कार्यभार दिए जाने का आरोप लगाया गया है, जहां पहले विवाद सामने आया था। अश्वनी बागड़ी ने दस्तावेज़ों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जांच होने पर ही सिविल लाइन ज़ोन में चल रहे कथित भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा हो सकता है।

### कार्रवाई का रिकॉर्ड नहीं होता है उपलब्ध

अश्वनी बागड़ी का दावा है कि सिविल लाइन ज़ोन के कई वार्डों में फैक्ट्रियों और गोदामों को सीलिंग तथा कार्रवाई का भय दिखाकर लाखों रुपये की कथित वसूली की जाती है। आरोप है कि नोटिस तो जारी किए जाते हैं, लेकिन बाद में कार्रवाई का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होता। उन्होंने कहा प्रशासनिक अधिकारी द्वारा बिना उपायों की अनुमति के नोटिस दिए गए हैं।



स्पेशलः मेंस हेल्थ वीक (15-21 जून)

वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ता तनाव, अनियमित-अस्वस्थ खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, धूम्रपान, शराब का सेवन और नींद की खराब आदतों से हर उम्र के पुरुष बीमार हो रहे हैं। इससे हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, मानसिक स्वास्थ्य, नींद संबंधी विकार, हार्मोनल असंतुलन और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, जानिए।

# रेग्युलर कराएं चेकअप-बरतें प्रिकॉशन हर उम्र में आप रहेंगे हेल्दी

अवेयरनेस

रजनी अरोड़ा

हमारे समाज में आमतौर पर माना जाता है कि पुरुष आसानी से बीमार नहीं पड़ते। यह सोच उनके स्वास्थ्य के लिए रिस्की हो जाती है, क्योंकि कई पुरुष अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज करते हैं। आईसीएमआर की रिपोर्ट के हिसाब से भारत में तकरीबन 46 प्रतिशत पुरुष किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार केवल बुजुर्ग ही नहीं, युवा और कम उम्र के पुरुष भी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। इसलिए सजग रहना जरूरी है। अब जानते हैं कि किन समस्याओं का सामना पुरुष ज्यादा करते हैं?

**हृदय रोगः** पुरुषों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण यही है। भारत में हृदय रोग से होने वाली 70 प्रतिशत से अधिक मौतें



70 वर्ष की आयु से पहले होती हैं। उच्च रक्तचाप, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, शराब, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। सीने में दर्द या भारीपन, बाईं बांह में दर्द, सांस फूलना, अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना और अनियमित धड़कन हृदय रोग के मुख्य लक्षणों में शामिल हैं।

**डायबिटीजः** साइलेंट किलर कहलाने वाली डायबिटीज धीरे-धीरे व्यक्ति के हृदय, गुर्दे, आंखें और तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनमें महिलाओं के बनिस्पत पुरुषों की संख्या ज्यादा है। बार-बार प्यास और पेशाब, अचानक वजन कम होना, थकान, घाव देर से भरना और हाथ-पैरों में सुन्नपन इसके लक्षण हैं।

**मानसिक स्वास्थ्यः** अवसाद, चिंता, तनाव और आत्महत्या की प्रवृत्ति पुरुषों में गंभीर चिंता का विषय है। सीडीसी के अनुसार पुरुषों में आत्महत्या दर महिलाओं से 4 गुना अधिक है। लगातार उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या, काम में रुचि न रहना और अत्यधिक शराब पीना इसके संकेत हो सकते हैं।

**फेफड़ों की बीमारियांः** सीओपीडी और फेफड़ों का कैंसर, पुरुषों में कॉमन हैं, खासकर धूम्रपान करने वालों में। लगातार खांसी, खांसी में खून, सांस फूलना और सीने में दर्द इसके लक्षण हैं।




**प्रोस्टेट-टेस्टिकल कैंसरः** प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाला दूसरा बड़ा कैंसर है। खास लक्षण न होने के कारण इसकी पहचान अकसर प्रारंभिक अवस्था में नहीं हो पाती। अकसर कोई लक्षण नहीं दिखता। पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून और पेड़ू में दर्द इसके संकेत हैं।

टेस्टिकल कैंसर, युवा पुरुषों में अधिक देखा जाता है। अंडकोष में गांठ, सूजन, भारीपन या दर्द होना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**ओबेसिटीः** यह मूलतया आधुनिक सिटिंग वर्ककल्चर के बढ़ते ट्रेंड, सेडेंटरी लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की देन है। ट्रंकल ओबेसिटी यानी पेट की चर्बी, हृदय रोग, मधुमेह और जोड़ों की समस्याओं का प्रमुख कारण है। जरूरी है पुरुष अपना बीएमआई इंडेक्स 18.5-24.9 के बीच और कमर की चौड़ाई 90 सेमी. से कम रखें।







**जोड़ों की समस्याएंः** बढ़ती उम्र में हार्मोन की कमी से पुरुषों की भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस, ऑस्टियोपीनिया और आर्थराइटिस जैसी समस्याएं होती हैं। यही नहीं घंटों कंप्यूटर वर्क करने और गलत पॉश्चर के कारण युवाओं में भी पीठ दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**हार्मोन की कमी और एंड्रोपॉजः** विशेषकर टेस्टोस्टेरोन की कमी से कुछ समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरोन केवल यौन हार्मोन नहीं, यह मांसपेशियां, हड्डियां, मनोदशा, ऊर्जा और हृदय स्वास्थ्य भी प्रभावित करता है। यह 20-25 वर्ष की उम्र में चरम पर होता है और बाद में हर साल 1-2 प्रतिशत घटता है। 60 वर्ष की आयु के बाद टेस्टोस्टेरोन हार्मोन तकरीबन खत्म हो जाता है यानी पुरुषों में एंड्रोपॉज या मेल मेनोपॉज होता है। लगातार थकान, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना, मांसपेशियों में कमजोरी, नींद की समस्या, यौन इच्छा में कमी एंड्रोपॉज समस्या के लक्षण हैं।

**इंफर्टिलिटीः** इरेक्टाइल डिस-फंक्शन, यौन इच्छा में कमी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता कम होना और इंफर्टिलिटी आज तेजी से बढ़ रही समस्याएं हैं। लाखों पुरुष इससे प्रभावित हैं, लेकिन संकोचवश इसे छुपाते रहते हैं। यह केवल यौन समस्या नहीं, बल्कि हृदय रोग, मधुमेह या हार्मोन असंतुलन का शुरुआती संकेत भी हो सकता है। धूम्रपान, शराब, मोटापा, तनाव और टेस्टोस्टेरोन की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

**सार्कोपीनिया या मसल-लॉसः** उम्र के साथ मांसपेशियों का कम होना एक गंभीर समस्या है। 30 वर्ष के बाद हर दशक में मांसपेशियों का मास 3.5 प्रतिशत कम होता जाता है। 60 साल की उम्र के बाद कमजोरी, संतुलन बिगड़ने और गिरने का खतरा बढ़ जाता है।

**अल्जाइमर और डिमेंशियाः** पुरुषों में बढ़ती उम्र के साथ दिखाई देने वाले गंभीर मस्तिष्क संबंधी विकार हैं, जो याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और दैनिक कार्य करने की योग्यता को प्रभावित करते हैं। शुरुआती लक्षणों में हाल की बातें भूलना, बार-बार एक ही प्रश्न पूछना, निर्णय लेने में कठिनाई, रास्ता भूल जाना, ध्यान केंद्रित न कर पाना और व्यवहार या मनोदशा में बदलाव शामिल हैं। बढ़ती उम्र, आनुवंशिकता, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, धूम्रपान, शारीरिक निष्क्रियता, सामाजिक अकेलापन और खराब नींद इसके प्रमुख रिस्क फैक्टर्स हैं।

**जरूरी है रेग्युलर हेल्थ चेकअपः** आमतौर पर पुरुष डॉक्टर के पास तभी जाते हैं, जब तक बीमारी के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं। जिसकी वजह से वे गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं और कई मामलों में समय से पहले ही मौत हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश बीमारियों को समय पर जांच और सही आदतों से रोका जा सकता है।



**20 से 30 वर्ष आयु के पुरुषः** इस उम्र में शरीर सामान्यतः स्वस्थ रहता है, लेकिन धूम्रपान, शराब, जंक फूड, अनियमित नींद और मानसिक तनाव सबसे बड़े खतरे हैं, जो आगे कई बीमारियों की जड़ बनते हैं। पूरी एहतियात बरतनी जरूरी है। इसके लिए टेस्टिकल का स्व-परीक्षण जरूरी है। साल में एक बार ब्लड प्रेशर, सीबीसी ब्लड काउंट, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य और विटामिन-डी। हर दो-तीन साल में-ब्लड शुगर, विटमिन डी, नेत्र परीक्षण। हर पांच साल में लिपिड प्रोफाइल चेक कराएं।

**30 से 40 वर्ष उम्र के पुरुषः** काम का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और बैठकर काम करने की आदत स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती हैं। लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियां उभरने लगती हैं। इसलिए ये टेस्ट जरूर करवाएं। हर 6 महीने में ब्लडप्रेशर। साल में एक बार, ब्लड शुगर (एचबीएएलसी), लिपिड प्रोफाइल, केएफटीए, एलएफटी, विटामिन बी-12, विटामिन-डी, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य। हर 2 साल में थाइरॉयड, पेट का अल्ट्रासाउंड करवाना भी जरूरी है।

**40 से 50 वर्ष उम्र के पुरुषः** इस उम्र में वार्षिक पूर्ण स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है। हर तीन महीने में ब्लड प्रेशर। हर 6 महीने में ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल। हर साल पीएसए (प्रोस्टेट ग्लैंड), टेस्टोस्टेरोन टेस्ट, ट्रेडमिल टेस्ट (हृदय की कार्यक्षमता), कोलोनोस्कोपी (पेट की जांच), स्पाइरोमेट्री, एक्स-रे या सिटी स्कैन (फेफड़ों), आई टेस्ट।

**50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषः** हृदय, पेट, प्रोस्टेट, हड्डियों और मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हर साल पीएसए टेस्ट, आई साइट और ईयर चेकअप। हर दो साल डेक्सा स्कैन (बोन डेंसिटी), इकोकार्डियोग्राफी या एंजियोग्राफी। हर दस साल में क्लोनोस्कोपी टेस्ट। *

**(सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर फिजिशियन, डॉ. मोहसिन वली और पूर्व अध्यक्ष-एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**

## अपनाएं ये गुड हैबिट्स

लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य उम्र का रहस्य हेल्दी लाइफस्टाइल में छिपा है। कुछ अच्छी आदतें कम उम्र में अपनाकर आप स्वस्थ, सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** बिजी रुटीन होने के बावजूद पुरुषों को हेल्दी रुटीन अपनाना चाहिए। नियत समय पर उठना, सोना, खाना जरूरी है।

**नियमित व्यायामः** वजन नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम करें 20-30 वर्ष की आयु में प्रतिदिन लगभग 45 मिनट व्यायाम की आदत डालें। 30-40 वर्ष में रेग्युलर स्ट्रैंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज और 40 वर्ष के बाद योग, तैराकी तथा पैदल चलना जैसी एक्टिविटीज करना फायदेमंद है।





**संतुलित आहारः** पोषक तत्वों से भरपूर और संतुलित आहार लें। फाइबर, प्रोटीन और कैल्शियम युक्त आहार का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। आहार में मौसमी और ताजे फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और मेवे खाएं। नमक, चीनी और जंक फूड कम करें। यथासंभव ऑइली फूड खासकर ट्रांस फैट से परहेज करें। पर्याप्त पानी पिएं और विटामिन-डी के लिए प्रतिदिन 15-20 मिनट धूप लें।

**स्ट्रेस करें कंट्रोलः** तनाव को दबाने की बजाय परिवार, मित्रों या विशेषज्ञ से अपने दिल की बात साझा करें। मजबूत सामाजिक संबंध भी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य से जुड़े हुए हैं। ध्यान, योग और प्राणायाम मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। इनसे मस्तिष्क में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन बनते हैं जो प्राकृतिक अवसाद विरोधी हार्मोन हैं।

**स्क्रीन टाइम करें सीमितः** लंबे समय तक लैपटॉप, स्मार्टफोन की स्क्रीन देखने से नींद खराब होती है, आंखें कमजोर होती हैं और पीठ दर्द होता है। रात को सोने से एक घंटे पहले मोबाइल बंद करें।

**लें भरपूर नींदः** रोज 7-8 घंटे की नींद लें क्योंकि नींद शरीर ऊर्जा और ताजगी देती है। कम नींद से कोर्टिसोल बढ़ता है, जो हृदय रोग और मधुमेह का कारण बनता है। रात को एक ही समय पर सोने की आदत बचपन से ही बनाएं। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह परहेज करें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की समस्या होने पर बिना कोई देर किए निःसंकोच डॉक्टर को कंसल्ट करें।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

## हीट वेव से बचाने में कारगर हैं फ्रूट्स-हर्ब्स

हालांकि कई दक्षिणी राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है लेकिन उत्तर से लेकर मध्य और पश्चिम भारत में अभी भी हीट वेव्स चल रही हैं। इस वजह से लोग डिहाइड्रेशन, चक्कर आने, थकान और लू से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में गर्मी से राहत दिलाने, हीट वेव से बचाने के लिए कुछ फ्रूट्स और हर्ब्स का सेवन बहुत कारगर हो सकता है। बेल का शर्बत, सौंफ का पानी, पुदीना, धनिया और खस से बने पेय शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए बहुत कारगर हैं।





**बनाए रखते हैं हाइड्रेशनः** आयुर्वेद के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में शरीर में द्रवों की कमी होने लगती है और पित्त का प्रभाव बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों और जड़ी-बूटियों का सेवन लाभदायक होता है, जो शरीर को शीतलता प्रदान करें और हमारी ऊर्जा को भी बरकरार रखें। यही कारण है कि इन दिनों बेल, सौंफ, पुदीना, खस, आंवला, धनिया और गुलकंद जैसी चीजों का उपयोग करना फायदेमंद होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इनकी सबसे बड़ी ताकत है, इनमें मौजूद प्राकृतिक तत्व, जो शरीर को हाइड्रेट रखने, हमारे शरीर के पाचनतंत्र को संतुलित करने और गर्मी से होने वाली बेचैनी को कम करने में सहायक होते हैं।

**पुदीना-बेल-आंवलाः** पुदीना शरीर को ताजगी देता है और गर्मी के कारण होने वाली थकान तथा भूख की कमी होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सदियों से गर्मी और लू से बचने के लिए बेल का शर्बत पिया जाता रहा है। फाइबर और खनिज से भरपूर बेल में शरीर को गर्मी से लड़ने के लिए अनेक तत्व होते हैं, जो हमारे पाचनतंत्र से लेकर शरीर की ऊर्जा तक को महफूज रखते हैं। गर्मी से लड़ने में कारगर औषधीय फल आंवला भी है। बढ़ती गर्मी और बदलते मौसम के बीच संक्रमणों से बचाव के लिए भी यह बेहद उपयोगी है।

**बरतें ये सावधानीः** यह समझना जरूरी है कि ये फल और हर्ब्स, हीट वेव का इलाज नहीं करते केवल उससे बचाव में सहायक होते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें तो उसे केवल घरेलू उपायों पर निर्भर रखना खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सहायता लेना जरूरी है। *

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## गर्मी की वजह से जब होने लगें घमौरियां

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे शरीर पर घमौरियां निकल रही हैं। चेहरे, गले पर भी लाल-लाल दाने निकल आए हैं। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, रोहतक**

हाल में मौसम में काफी उतार-चढ़ाव हुआ है। तापमान कम और ज्यादा हुआ है। सामान्य तौर पर इस तरह बारिश में होता है। अधिक पसीना आने की वजह से घमौरियां होती हैं और तब इस तरह की परेशानी शुरू हो जाती है। इससे राहत के लिए जब भी बाहर से घर लौटें तो पसीने को तुरंत साफ कपड़े से पोछें और स्किन को ड्राय करें। आप घमौरी वाला पावडर भी लगा सकते हैं और संभव हो तो धूप में कम निकलें, जिससे पसीना कम आएगा।



**मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्ते पहले अचानक मेरे सिर में दाहिनी तरफ तेज दर्द हुआ। तब पेन-किलर लेने पर यह दर्द ठीक हो गया था। उसके बाद से बीच-बीच में उसी जगह दर्द होता रहता है। कृपया बताएं, ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अविनाश, रायपुर**

सबसे पहले आप अपनी आंखों की जांच करवाएं। कई बार आंख कमजोर होने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर आपकी आई साइट ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच कराए कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द और चुभन जैसा फील होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-प्रशांत, जांजगीर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टॉन्सिल की प्रॉब्लम है, जिस वजह से चुभन महसूस हो रही है। बेहतर होगा कि एक बार आप ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे जांच करके पता लगाएंगे, उसके बाद ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान आप ठंडा पानी या कोई भी फ्रिज में रखी ठंडी चीज बिल्कुल न खाएं न पिएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे दाहिने पैर में सूजन दिख रही है। दर्द भी होता है। कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-मुकेश, कांकेर**

क्या आपके पैर में कभी चोट लगी थी? क्योंकि इस तरह की समस्या कई बार चोट लगने से होती है। अगर ऐसा है तो आपको एक्स-रे करवा लेना चाहिए, जिससे कारण पता चलेगा। फिलहाल आप पैर में सिंकाई कर सकते हैं और वजन उठाने का काम ना करें। तेज वॉकिंग या रनिंग भी बिल्कुल न करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर के नाखूनों का रंग बिल्कुल सफेद दिखने लगा है। वे रूखे भी दिखते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-दिवाकर, बिलासपुर**

इस समस्या को सुनकर लग रहा है कि आपको कैल्शियम की कमी है। इस वजह से नाखून सफेद पड़ने लगते हैं। आपको कैल्शियम की दवा लेनी होगी। बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर आप पहले कैल्शियम की जांच कराएं और डॉक्टर जो दवा प्रिसक्राइब करें, उसे रेग्युलर लें। दवा आपको लंबे समय तक लेनी पड़ेगी। इसमें लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे लंच और डिनर के साथ सलाद खाना बहुत पसंद है। क्या खाना खाने के पहले सलाद खाना ज्यादा फायदेमंद होता है?**

**-रचित, दुर्ग**

खाने के साथ आपको जरूर सलाद खाना चाहिए। अगर आप खाने से पहले सलाद खा लेते हैं तो इससे आप खाना कम खाएंगे और पेट में फाइबर ज्यादा पहुंचेगा। डाइजेशन सिस्टम के लिए ठीक रहेगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



# परीक्षा समाप्त होने के बाद घर लौटने के लिए बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर जुटे हजारों अभ्यर्थी, अतिरिक्त व्यवस्था नहीं होने से बढ़ी मुश्किलें

*स्टेशन पर उम्मीदवारों को घंटों तक बस और ट्रेन का इंतजार करना पड़ा*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए अम्बेडकरनगर पहुंचे हजारों अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने के बाद अपने घरों तक लौटने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

परीक्षा के तीसरे दिन भी बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो गई। बसों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या क्षमता से अधिक होने के कारण कई अभ्यर्थियों को सीट तो दूर खड़े होकर यात्रा करने की भी पर्याप्त जगह नहीं मिल सकी। अकबरपुर डिपो और रेलवे स्टेशन पर उम्मीदवारों को घंटों तक बस और ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। परीक्षा समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी एक साथ अपने घरों के लिए रवाना हुए। इससे अकबरपुर डिपो और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई। कई स्थानों पर भीड़ अधिक होने के कारण धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी देखने को मिली। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के आने की जानकारी पहले से होने के बावजूद परिवहन विभाग की ओर से पर्याप्त अतिरिक्त व्यवस्था नहीं की गई। आजमगढ़ से आए अभ्यर्थी सुजीत ने बताया कि परीक्षा देने के बाद घर लौटने के लिए उन्हें काफी देर तक बस का इंतजार करना पड़ा, लेकिन अधिकांश बसें पहले से ही यात्रियों से भरी हुई थीं। बाराबंकी निवासी विवेक और अजीत ने कहा कि अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए सरकार को अतिरिक्त बसों और विशेष ट्रेनों की व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि परीक्षार्थियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा के तीसरे दिन भी बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़ बनी रही। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के एक साथ लौटने के कारण परिवहन व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा।




## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर युवक-युवती की हुई मौत



**रांची।** पाली जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। जवाई बांध रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक और युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। जानकारी के अनुसार, यह हादसा बुधवार सुबह करीब साढ़े छह बजे सामने आया। स्थानीय लोगों की सूचना पर सुमेरपुर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

### 10 किलो से ज्यादा ब्राउन शुगर-हेरोइन बरामद



**पटना।** पटना के रामकृष्णानगर थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान ड्रग्स के अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा किया है। कार्रवाई में करीब 10 किलोग्राम से अधिक ब्राउन शुगर और हेरोइन बरामद की गई है। ब्राउन शुगर और हेरोइन की भारी खेप जब्त पुलिस ने 8.819 किलोग्राम ब्राउन शुगर और 1.181 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। इसके साथ ही मादक पदार्थों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी जब्त की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस को 11.490 लीटर विदेशी शराब भी मिली है। इसमें रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की और पीएम गोल्ड पॉकेट ब्रांड की बोतलें शामिल हैं। अवैध हथियार और कारतूस भी मिले पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्तौल और 11 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। यह बरामदगी इस बात की ओर इशारा करती है कि गिरोह पूरी तरह संगठित तरीके से काम कर रहा था।

उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने दिए निर्देश मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाए

# यूपी में तीन तलाक और एसिड पीड़िताओं को मिलेगा सरकारी घर, सीएम योगी का फैसला

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश दिए हैं की जिन महिलाओं को तीन तलाक या एसिड अटैक जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है और जिनके पास स्थायी आवास नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाए।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में तीन तलाक और एसिड पीड़िताओं को मिलेगा सरकारी घर, सीएम योगी का फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश दिए हैं कि जिन महिलाओं को तीन तलाक या एसिड अटैक जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है और जिनके पास स्थाई आवास नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाए।

यूपी में तीन तलाक और एसिड पीड़िताओं को मिलेगा सरकारी घर, सीएम योगी का फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्चस्तरीय बैठक में दिए निर्देश यूपी में ट्रिपल तलाक की पीड़िताओं और एसिड अटैक सर्वाइवर्स को सरकारी मकान दिया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार ने तय किया है कि ऐसी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उन्हें सरकारी योजनाओं का विशेष लाभ दिया जाना चाहिए। योगी सरकार इन पीड़ित महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग तीन तलाक और एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं के साथ निराश्रित महिलाओं का विस्तृत डाटा एकत्रित किया जा रहा है, ताकि पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जा सके। शासन स्तर पर इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और शासनादेश तैयार करने की प्रक्रिया भी चल रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा पीड़ित महिलाओं का सत्यापित विवरण एकत्रित किया जा रहा है। सत्यापन के आधार पर लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा। योगी सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी पात्र महिला को केवल जानकारी के अभाव या प्रक्रियागत जटिलताओं के कारण सरकारी योजनाओं से वंचित न रहना पड़े। इसके लिए विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि जिन महिलाओं को तीन तलाक या एसिड अटैक जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है और जिनके पास स्थाई आवास नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाए। सीएम योगी ने इन महिलाओं और उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं का भी लाभ दिया जाए। तीन तलाक से प्रभावित कई महिलाएं आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा का सामना करती हैं।



### 50 हजार लगाइए, 1 लाख तक कमाइए! सीएम योगी के इस प्रोजेक्ट में कमाई का बड़ा मौका

**लखनऊ।** अगर आप गांव में रहते हैं और कम निवेश में अपना कारोबार शुरू करने की सोच रहे हैं, तो योगी सरकार की एक नई पहल आपके लिए बड़ा अवसर साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू किया गया 'प्रोजेक्ट गंगा' ग्रामीण उत्तर प्रदेश में हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाने के साथ-साथ हजारों युवाओं और महिलाओं के लिए कमाई के नए रास्ते खोलने जा रहा है। सरकार का दावा है कि इस योजना से जुड़े डिजिटल उद्यमी शुरुआती महीनों में 20 हजार रुपये तक और आगे चलकर 1 लाख रुपये प्रतिमाह तक की आय अर्जित कर सकते हैं. प्रदेश सरकार इस परियोजना को केवल इंटरनेट कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और डिजिटल उद्यमिता को बढ़ावा देने के बड़े अभियान के रूप में देख रही है।

उपलब्धियों की सराहना की

## अयोध्या पहुंचे मंत्री धर्मवीर प्रजापति कहा-रामनगरी का विकास विपक्ष को खुद आकर देखना चाहिए

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. धर्मवीर प्रजापति ने अयोध्या पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए राष्ट्रसेवा का नया इतिहास बनाया है। गरीब, युवा, महिला और व्यापारियों के हित में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। अयोध्या प्रवास के दौरान उन्होंने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि में दर्शन-पूजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। विपक्ष के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. प्रजापति ने कहा कि विपक्षी नेताओं को अयोध्या आकर यहां हुए अभूतपूर्व विकास को देखना चाहिए। राम मंदिर निर्माण और विकास परियोजनाओं ने अयोध्या की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में होमगार्ड विभाग में भी बड़े बदलाव हुए हैं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन कपूर, पुत्रः** शषि कपूर, **निवासीः** बी–44, रामा पार्क रोड, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 ने मुकदमा **CC NI Act No. 2417/2021, U/s 138 NI Act, थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन कपूर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन कपूर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CC NI Act No. 2417/2021, U/s 138 NI Act, थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सचिन कपूर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आकाश शर्मा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7720/RD/2026
(Court Matter)


## 12 वर्षों में राष्ट्र सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा : नायब सैनी



**चंडीगढ़।** संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हरियाणा की पौने तीन करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित अपने अभिनंदन पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर उनके वंदन और अभिनंदन का है। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्ष राष्ट्र की सामूहिक चेतना के पुनर्जागरण, जनसेवा और विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता, सुशासन और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में विकसित, सशक्त और गौरवशाली भारत के जिस संकल्प के साथ देशवासियों ने उन्हें नेतृत्व सौंपा था, आज वह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है।

उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री ने 15 सितंबर 2013 को रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों की रैली से अपने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। हरियाणा के लोगों का स्नेह और उस रैली का उत्साह आज भी स्मरणीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला और युवा विकास की मुख्यधारा के केंद्र में आए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल तकनीक आधारित योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है।

## बिहार में 94 लाख से अधिक पेंशनधारियों को मिली राशि

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को बड़ी राहत देते हुए पेंशन भुगतान की प्रक्रिया को नियमित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को घोषणा की कि अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में प्रत्येक माह की 10 तारीख को राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नई दिल्ली स्थित बिहार भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर कार्यक्रम में राज्य के 94 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में 1,100 प्रति माह की दर से लगभग 1,100 करोड़ की राशि हस्तांतरित की।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रमोद, पुत्रः** प्रेम पाल, **निवासीः** पाना दुलन, बवाना, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 80111403/2024 U/s 392/411/34 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 80111403/2024 U/s 392/411/34 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रमोद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 114, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7704/ON/2026
(Court Matter)



**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

सीआईएनः L31300DL1964PLC004255,
पंजी. कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
वेबसाइटः www.deltoncables.com ई–मेलः secretarial@deltoncables.com
फोनः 0129–4523000

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध पुनः जमा करने के लिए स्पेशल विंडो**

सेबी मास्टर सर्कुलर नंबर HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/1/4298/2026, दिनांक 06 फरवरी, 2026 के अनुसार, कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची या खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमटेरियलाइजेशन के लिए एक स्पेशल विंडो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष के लिए खुली रहेगी।

यह स्पेशल विंडो उन हस्तांतरण विलेखों को पुनः जमा करने के लिए भी उपलब्ध होगी जो मूल रूप से 01 अप्रैल, 2019 से पहले जमा की गई थीं, लेकिन दस्तावेज़ों या प्रक्रिया की खामियों या किसी अन्य कारणों से रद्द कर दी गईं थी, वापस लौटा दी गई थी, या उन पर गौर नहीं किया गया था।

इस विंडो के तहत प्रसंस्कृत सभी प्रतिभूतियां सिर्फ डीमैटेरियलाइज्ड फॉर्म में जारी की जाएंगी और हस्तांतरण पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष के अनिवार्य लॉक–इन अवधि के अधीन होंगी, जिसके दौरान कथित प्रतिभूतियों को सेबी के लागू विनियमों के अनुसार हस्तांतरित, ग्रहणाधिकार या गिरवी नहीं रखा जाएगा।

कृपया ध्यान दें किः
- हस्तांतणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादित मामले पात्र नहीं होंगे और उन्हें न्यायालय / न्यायाधिकरण जैसे उचित न्यायिक मंच के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए।
- निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष ("आईईपीएफ") में पहले की गई प्रतिभूतियों का हस्तांतरण इस सुविधा के अंतर्गत प्रसंस्करण के लिए पात्र नहीं हैं।

शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे दस्तावेज़ों और प्रस्तुति प्रसंस्करण पर दिशा–निर्देशों के लिए कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड (संपर्क विवरण नीचे दिए गए हैं)।

**भौतिक शेयर सर्टिफिकेट्स के केवाईसी अपडेट और डीमटेरियलाइजेशन**

भौतिक रूप में शेयरधारकों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे www.deltoncables.com पर उपलब्ध केवाईसी फॉर्म्स का प्रयोग करके अपने केवाईसी विवरणों, जिसमें पैन, डीमैट अकाउंट नंबर, बैंक अकाउंट नंबर, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर और नॉमिनी की जानकारी शामिल है, अपडेट करें। कृपया अपने फोलियो के लिए अपनी आरटीए और नॉमिनेशन के विवरण अपडेट करने के लिए नीचे दिए गए आरटीओ के पास सही तरीके से भरें और हस्ताक्षरित दस्तावेज़ों / विवरण सबमिट करें।
- फॉर्म आईएसआर–1: फॉर्म भरें और हस्ताक्षर करें; स्वतः हस्ताक्षरित केवाईसी दस्तावेज़ों के साथ;
- फॉर्म आईएसआर–2: फॉर्म भरें और हस्ताक्षर करें; बैंकर द्वारा आपके हस्ताक्षरों का अनुप्रमाणन एवम मूल कैंसल्ड चैक;
- फॉर्म आईएसआर–13: नॉमिनी जोड़ने के लिए; या फॉर्म आईएसआर–3: यदि आप नॉमिनेशन नहीं करना चाहते हैं।

शेयरधारकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने भौतिक फॉर्म में धारित शेयरों को डीमैटरियलाइज करें क्योंकि भौतिक मोड में धारित शेयरों का हस्तांतरण बंद कर दिया गया है। सहायता के लिए, शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली–110062 से ईमेल beetalrta@gmail.com पर या कंपनी से secretarial@deltoncables.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/–
जितेंद्र कुमार
कंपनी सचिव और सामान्य अधिवक्ता
एसीएस नंबरः 30349

दिनांकः 10 जून, 2026
स्थानः फरीदाबाद


## पेज एक का शेष

### कांग्रेस ने नाकामी का...

जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवीय में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपना भरोसा हमें सौंपा। मुझे संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्थिरता, तेज विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों का भरोसा मजबूत किया है। मोदी ने दावा किया कि बीते वर्षों में बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और आर्थिक अवसरों का तेजी से विस्तार हुआ है। साथ ही उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को देश के हर नागरिक का सपना बताया। उन्होंने कहा, भारत की जनता का नीर-क्षीर विवेक हमेशा अद्भुत रहा है। देश की जनता ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता का महत्व समझा है। ये जनता-जनार्दन की परिपक्वता ही है कि उसने लंबे समय तक मुझे इस तरह जनता की सेवा का अवसर दिया। 2014 के पहले के कई दशक बहुत अस्थिरता और उथल-पुथल से भरे थे। इसका देश को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन अब देश की जनता एक स्थिर सरकार का काम भी देख रही है और उसकी निर्णायक क्षमताओं को परख भी रही है। मैं जनता का आभार प्रकट करता हूं।

### 25 करोड़ ...

*इंटरनेट यूजर्स थे 2014 तक, आज 100 करोड़ यूजर्स इंटरनेट से जुड़े हैं। तब डिजिटल पेमेंट न के बराबर थे, आज भारत नंबर वन है। उन्होंने कहा, 2014 तक भारत मोबाइल बाहर से मंगाता था, आज 33 करोड़ हैंडसेट यहीं बनते हैं। 2014 में एथनॉल ब्लेंडिंग 1.5 फीसदी था, 2026 में यह 20 फीसदी तक पहुंच चुका है। हमने देश की जरूरतों को अपनी नीतियों और निर्णयों का आधार बनाया। हमने युवाओं के लिए कौशल विकास मंत्रालय बनाया। मंत्रालयों के सहयोग के लिए अलग कोऑपरेटिव मिनिस्ट्री बनाई। मछुआरों के लिए अलग मत्स्य मंत्रालय बनाया। हमारा फोकस रहा विकास की इस गति में कोई पीछे न छूटे। उन्होंने कहा, 2014 से पहले मध्यम वर्ग कानून की उलझनों का सबसे बड़ा शिकार हुआ करता था। जटिल टैक्स स्कीम, आमदनी के सीमित स्त्रोत और टैक्स का बड़ा बोझ, खराब गवर्नेंस की मार ये सब सामान्य आदमी के लिए रोज की चुनौती होती थी। हमने मध्यम वर्ग की चिंताओं को समझा, इसलिए 12 लाख तक की आमदनी पूरी तरह से टैक्स फ्री है। बीते 12 वर्षों में मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए हर क्षेत्र में नए अवसर बने हैं। मध्यम वर्ग के घर का सपना पूरा हो सके, सरकार इसमें भी मदद कर रही है। घर में इलाज के खर्च का बोझ कम हो, इसके लिए आयुष्मान भारत योजना में बिना आय सीमा के बुजुर्गों को भी शामिल किया गया है। जीएसटी रिफॉर्म्स का बड़ा लाभ मध्यम वर्ग को मिला है। मध्यम वर्ग के लिए स्वास्थ्य बीमा सस्ता हुआ है, उसके सपनों से जुड़ी चीजें सस्ती हुई हैं। इन प्रयासों का परिणाम है कि आज देश का मध्यम वर्ग अनिश्चितताओं से मुक्त हो रहा है। वो भी भरपूर आत्मविश्वास के साथ देश की विकास यात्रा को गति दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे लिए दल से हमेशा अगर बड़ा कुछ है तो हमारा देश है। जब देश प्रथम की भावना से काम होता है तो कोई भी फैसला कठिन नहीं होता है। ऐसे फैसले जिन्हें पहले असंभव समझा जाता था, जो देश के सुरक्षित भविष्य के लिए जरूरी थे। हमने बहुत ही सधे हुए तरीके से उन फैसलों को भी लिया है। पहले सरकारें आर्टिकल 370 की बात करने से भी डरती थीं। हमने इसे खत्म किया। पहले नॉर्थ ईस्ट से बम, बंदूक और ब्लॉकेड जाने का नाम नहीं लेते थे। हमने वहां शांति भी लौटाई और स्थिरता भी लेकर आए। उन्होंने कहा, पहले भारत आतंकी हमलों के बाद चुपचाप दर्द सहता रहता था। हमने आतंकवादियों पर सर्जिकल स्ट्राइक की, एयरस्ट्राइक की, ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा। पहले मान लिया गया था कि नक्सलवाद-माओवाद कभी खत्म नहीं हो सकते। हमने देश को इस जहर से मुक्त करके दिखाया है। महिलाओं को आरक्षण, तीन तलाक के खिलाफ कानून, भारतीय न्याय संहिता, सीएए कानून, सैनिकों को वन रैंक-वन पेंशन एनडीए सरकार राष्ट्रहित में कोई भी काम करने से पीछे नहीं रही है।*

### पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु ...

नेहरू के 1952 के बाद के कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 साल से ज्यादा समय तक पद संभाला, लेकिन उनका कार्यकाल लगातार नहीं था। इस वजह से पीएम मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले चुने हुए सरकार प्रमुख बन गए हैं।

### राष्ट्रीय कारागार आयोग...

सिस्टम विकसित करना तथा गर्भवती महिला कैदियों की डिलीवरी अनिवार्य रूप से बाहरी अस्पतालों में कराने जैसी सिफारिशें शामिल हैं। महिला आयोग का मानना है कि वर्तमान कारागार व्यवस्था में महिला बंदियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाता है। ऐसे में एक स्वतंत्र राष्ट्रीय कारागार आयोग जेलों की नियमित निगरानी, शिकायतों के निस्तारण, मानवाधिकार संरक्षण और सुधारात्मक उपायों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जेलों को केवल दंडात्मक संस्थान के रूप में नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि महिला कैदियों को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। यदि इन सिफारिशों को स्वीकार किया जाता है तो देश की कारागार व्यवस्था, विशेषकर महिला बंदियों के अधिकारों और कल्याण के क्षेत्र में, एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकता है।

### ओमान तट के पास...

दूतावास इस पूरे हालात पर गंभीरता के साथ निगरानी बनाए हुए है। बचाव और राहत अभियान को लेकर भी भारतीय दूतावास ओमान के अधिकारियों के साथ निकटता से समन्वय स्थापित किए हुए है। यहां बता दें कि यह घटना बीते दिनों ओमान के तट पर लंगर डाले हुए खड़े पलाऊ के ध्वज वाले जहाज एमटी मारिवेक्स पर अमेरिका की नौसेना द्वारा किए गए मिसाइल हमले के ठीक बाद सामने आई है। मारिवेक्स में भी चालक दल के रूप में सवार भारतीयों की संख्या सेटेबेलो जहाज की तरह 24 ही थी। लेकिन राहत की बात यह रही कि सभी को सुरक्षित बचा लिया गया है। अभी यह सभी लोग ओमान में हैं। जल्द ही इनकी वतन वापसी होगी।

**संघर्ष की वजह से बढ़ती घटनाएं :** मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रही हमलों की इन घटनाओं ने चिंता को बहुत अधिक बढ़ा दिया है। जो इलाके में चल रहे संघर्ष का ही परिणाम हैं। भारत मौजूदा परिस्थितियों के बीच एक बार फिर से सभी पक्षों से तनाव को खत्म करने के अपने आह्वान को दोहराता है। साथ ही यह उम्मीद करता है कि वर्तमान में कूटनीतिक समाधान के लिए चल रही वार्ता को जल्द से जल्द निष्कर्ष तक पहुंचेगी। क्योंकि इसी के जरिए क्षेत्र में शांति और स्थिरता को एक बार फिर से बहाल किया जा सकेगा।

**व्यापारिक जहाजों पर रोके जाएं हमले :** बयान के मुताबिक, क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों और नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाए जाने पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। वहीं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत वैश्विक जलमार्गों में स्वतंत्र और निर्बाध रूप से समुद्री आवाजाही की जल्द से जल्द शुरुआत कराए जाने के पक्ष में भी भारत मजबूती के साथ खड़ा है।

### आज कांग्रेस का...

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बैठक केवल नियमित संगठनात्मक समीक्षा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की आगामी राजनीतिक दिशा और विपक्षी राजनीति में उसकी भूमिका को लेकर भी महत्वपूर्ण संकेत दे सकती है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। जबकि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत अग्रिम पंक्ति के वरिष्ठ नेता, महासचिव, विभिन्न राज्यों के प्रभारी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इसमें भाग लेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक के बाद संगठनात्मक और राजनीतिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा भी की जा सकती है।

### 22 नए आवेदकों को...

उम्मीद है। माना जा रहा है कि पीएलआई योजना के माध्यम से देश को मूल्य संवर्धित (वैल्यू एडेड) वस्त्र निर्माण का प्रमुख वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। इससे निर्यात बढ़ाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने...

नटराजन का नामांकन खारिज किया है, उसका कानून में कोई अस्तित्व ही नहीं है। उनके खिलाफ ऐसा कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं था, जिसका खुलासा कानूनन नामांकन पत्र में करना आवश्यक होता। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि कोर्ट से मीनाक्षी नटराजन को केवल एक नोटिस आया था, जिसमें उनसे यह पूछा गया था कि अदालत इस मामले का संज्ञान ले या नहीं। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेना एक बेहद प्राथमिक चरण होता है, जिससे यह तय होता है कि मामला आगे चलेगा या नहीं। जब तक अदालत संज्ञान नहीं लेती, तब तक कोई भी आपराधिक मामला शुरू ही नहीं होता। उन्होंने बताया कि इस मामले में मजिस्ट्रेट ने अभी संज्ञान तक नहीं लिया है। नटराजन का पक्ष सुनने के बाद वह संज्ञान लेंगे। इसके बाद जांच होगी, चार्जशीट होगी और फिर जाकर आरोप तय होंगे। उन्होंने आगे कहा कि मजिस्ट्रेट ने संज्ञान तक नहीं लिया है, लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने यह मान लिया कि नटराजन के खिलाफ आपराधिक मामला लंबित है। उन्होंने आगे बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33ए के अनुसार उम्मीदवार को केवल उन मामलों का खुलासा करना होता है, जिनमें अपराध सिद्ध होने पर दो साल या उससे अधिक की सजा का प्रावधान हो और जिनमें आरोप तय किए जा चुके हों। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे नामांकन खारिज करना लोकतंत्र और चुनाव में समान अवसर के सिद्धांत के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे की भावना को भी आघात पहुंचाता है। कांग्रेस नेता ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को याद दिलाया कि उसके पास निर्वाचन अधिकारी के फैसले को पलटने या उसे निरस्त करने का पूरा अधिकार क्षेत्र है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आयोग पहले भी हरियाणा और गुजरात के ऐसे मामलों में हस्तक्षेप कर चुका है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि इस मामले में चुनाव आयोग असहाय या अधिकारविहीन है।

## चिंतन

# कांग्रेस सावधान रहती तो नहीं होती फजीहत

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका तो है ही, लेकिन एक अहम सबक भी है जो उन्हें इस गलती से लेना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने मीनाक्षी नटराजन से जुड़े तेलंगाना के मामले में व्यापक तथ्य रखे, साथ ही दावा किया कि इस स्तर पर मुकदमे को शपथ पत्र में देना जरूरी नहीं होता। हो सकता है कांग्रेस सच बोल रही हो, लेकिन तथ्य यह भी हो सकता है कि मीनक्षी ने जानबूझकर इसे छुपाया है। मध्यप्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन रद्द करने का फैसला इसी आधार पर लिया है। एमपी में कांग्रेस खासकर राहुल गांधी के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। चूंकि यहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज कर मीनाक्षी को उतारा गया था। कहा जा रहा है कि पार्टी के भीतर से ही कुछ लोगों ने शपथ पत्र में कथित कमी की जानकारी भाजपा तक पहुंचाई। यदि इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह कांग्रेस के लिए सबसे गंभीर चेतावनी है। किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठनात्मक अनुशासन और आपसी विश्वास होता है। जब अंदरखाने असंतोष और अविश्वास बढ़ने लगे, तो विपक्ष को हमला करने का अवसर मिल जाता है। इसके बाद भाजपा ने सवाल उठाए और नामांकन रद्द कर दिया गया। आरओ ने कांग्रेस को इस आपत्ति पर जवाब देने के लिए समय भी दिया है। बहरहाल, जब मामला प्रतिष्ठा से जुड़ा हो तो पार्टियों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस के पास तो बहुत बड़ी लीगल टीम है। जो अब चुनाव आयोग के सामने तर्क दे रही है, लेकिन यह टीम नामांकन से पहले ही सभी तथ्यों की सभी तरीके से पड़ताल कर लेती तो अब दिक्कत नहीं होती। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के विधायक लगातार क्रॉस वोटिंग करते दिखाई देते हैं। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को यही डर सता रहा है। कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। अपनी कमजोरी पर पार पाए बिना वह भाजपा जैसी चतुर राजनीतिक टीम के सामने टिक पाएगी, यह कहना मुश्किल है। हालांकि मामला अभी चुनाव आयोग में लंबित है, लेकिन फैसला जो भी हो कांग्रेस सावधानी बरतती तो उसकी इस तरह से फजीहत नहीं होती। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि तेलंगाना से जुड़े जिस मामले को लेकर विवाद खड़ा हुआ, वह अभी प्रारंभिक अवस्था में था और उसे शपथ पत्र में दर्ज करना कानूनी रूप से आवश्यक नहीं था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों ने चुनाव आयोग के सामने यही तर्क रखा है। चुनावी राजनीति में कई बार तकनीकी त्रुटियां भी बड़े राजनीतिक संकट में बदल जाती हैं और विपक्ष इन्हें तुरंत मुद्दा बना लेता है। भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी तैयारी और आक्रामक रणनीति मानी जाती है। वह विपक्ष की छोटी से छोटी कमजोरी को भी बड़ा मुद्दा बनाने में देर नहीं करती। कांग्रेस यदि अब भी केवल भाजपा पर आरोप लगाने तक सीमित रहती है, तो यह उसकी रणनीतिक कमजोरी को ही दर्शाएगा। अंततः इस पूरे प्रकरण से कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि राजनीति में लापरवाही की कोई जगह नहीं होती। चुनावी दस्तावेजों की एक छोटी कमी भी बड़े संकट में बदल सकती है। यदि कांग्रेस नामांकन से पहले पूरी कानूनी और तथ्यात्मक सावधानी बरतती, तो आज उसकी इस तरह सार्वजनिक फजीहत नहीं होती।

## सारा संसार



अरब सागर के पानी से घिरा हुआ 'कोलाबा किला या अलीबाग फोर्ट' अलीबाग का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और महाराष्ट्र का प्रमुख किला है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध किले में शामिल कोलाबा फोर्ट एक 300 साल पुराना किला है, जो कभी शिवाजी महाराज के शासन के दौरान मुख्य नौसेना स्टेशन था।

## राष्ट्र सेवा

कैप्टन अभिमन्यु



# नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड भारतीय इतिहास में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करने वाला स्वर्णिम अध्याय बन गया है। वर्ष 2014 में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ प्रारंभ हुई यह यात्रा आज विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इन 12 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व पटल पर प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती प्रदान की गई। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ, जिसने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को नई ऊर्जा दी। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। आज यूपीआई, डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस के माध्यम से भारत दुनिया के अग्रणी डिजिटल देशों में शामिल हो चुका है। जन धन योजना, आधार और मोबाइल के त्रिशक्ति मॉडल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय समावेशन से जोड़ा। गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण को केंद्र में रखते हुए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर मिले, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। स्वच्छ भारत मिशन ने जन आंदोलन का रूप लेकर देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया। वहीं, हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर बैंक खाता जैसे संकल्प धरातल पर साकार हुए। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को उत्पादन, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा जैसी पहलों ने उद्यमिता को नई पहचान दी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाते हुए भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को अभूतपूर्व गति दी। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका तथा "वसुधैव कुटुम्बकम् " के संदेश ने विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा केवल सरकार के कार्यकाल की कहानी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों, विश्वास और सामूहिक प्रयासों की गाथा है। 4399 दिनों की यह उपलब्धि राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, सुशासन और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास, सुरक्षा, विकास और विश्वगौरव के नए युग में प्रवेश कर चुका है। संकल्प से सिद्धि तक, सेवा से समृद्धि तक- यही है नए भारत की पहचान।

( लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विकसित भारत की यात्रा का स्वर्णिम कालखंड



केंद्र के 12 वर्ष

विष्णु देव साय

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।

प्रधानमंत्री जी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया। जन-धन योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, आधार और मोबाइल की जैम ट्रिनिटी ने सरकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाया और डीबीटी ने लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते तक पहुंचाया। इससे भ्रष्टाचार और बिचौलिया व्यवस्था पर प्रभावी रोक लगी। शासन पहली बार सचमुच अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा।

गरीब कल्याण इस दौर की सबसे बड़ी पहचान रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। आयुष्मान भारत ने गरीब परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने अन्नदाताओं को सीधी आर्थिक सहायता दी। ये योजनाएं केवल सरकारी घोषणाएं नहीं रहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का आधार बनीं।

इन 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने भी नई शक्ति प्राप्त की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को केवल उपभोक्ता बाजार नहीं रहने दिया, बल्कि उत्पादन, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा दी। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, फार्मा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। डिजिटल इंडिया ने भारत की शासन व्यवस्था और नागरिक जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आम आदमी के जीवन का हिस्सा बना दिया है। गांवों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने शासन को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। कोविड काल में कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण का सफल संचालन भारत की डिजिटल क्षमता का बड़ा उदाहरण रहा। आज भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी दुनिया के लिए मॉडल बन चुका है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी पिछले 12 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं। आधुनिक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, अमृत भारत स्टेशन और बेहतर लॉजिस्टिक्स ने देश की गति बढ़ाई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने भारत के उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे थे। यही कनेक्टिविटी विकसित भारत की मजबूत रीढ़ बन रही है।



छत्तीसगढ़ में भी विकसित भारत के मोदी जी के सपनों को साकार करने हमारी सरकार मिशन मोड पर कार्य कर रही है। इसके लिए हमने विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट बनाया है और इसके लिए लघुकालीन, मध्यकालीन और दीर्घकालीन लक्ष्य रखे हैं। प्रदेश के अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 15 गुना बढ़ाकर 75 लाख करोड़ करने का लक्ष्य हमने रखा है। छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में हमें मोदी जी की गारंटी पर जनादेश मिला। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देकर महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। पहली ही कैबिनेट में हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को मंजूरी देकर हमने अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ किया है। प्रदेश में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। हमने मोदीजी की गारंटियों को पूरा कर राजनीतिक प्रतिबद्धता को ऊंचाई प्रदान की है।

आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई इस कालखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वर्षों तक देश के अनेक आदिवासी और वनांचल क्षेत्र नक्सली हिंसा, भय और पिछड़ेपन के चक्र में फंसे रहे। प्रधानमंत्री जी के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की सफल रणनीति के अनुसार डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार हुआ। बस्तर, जिसे कभी नक्सल हिंसा के कारण जाना जाता था, आज विकास, विश्वास और बदलाव की नई पहचान बना रहा है। 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करने का संकल्प सरकार ने पूरा किया। जिन क्षेत्रों में कभी भय था, वहां अब स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा, मोबाइल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवा और सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट रही है, राष्ट्रहित सर्वोपरि और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस। ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करता। सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति ने देशवासियों के मन में नया विश्वास पैदा किया है। इस तरह आंतरिक और बाह्य दोनों मोर्चों पर मोदी जी की सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि रखकर काम किया है।

जनजातीय समाज के सम्मान और विकास को भी इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता के सम्मान का ऐतिहासिक कदम है। पीएम जनमन योजना ने विशेष पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों तक सड़क, बिजली, पानी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का काम शुरू किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातीय गांवों के समग्र विकास की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में इन योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश की बड़ी आबादी जनजातीय समाज से आती है। दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों तक पहली बार योजनाएं व्यवस्थित रूप से पहुंच रही हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में वनोपज, पर्यटन, कौशल विकास और स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। यह विकास केवल सड़क और भवन का विकास नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, भागीदारी और भरोसे का विकास है।

महिला सशक्तिकरण भी मोदी सरकार के 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धि रही है। उज्ज्वला, जन-धन, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और मातृशक्ति से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के जरिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देने का प्रयास हुआ। जब महिला सशक्त होती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों मजबूत होते हैं।

अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण परियोजना जैसे कार्यों ने विकास भी, विरासत भी की अवधारणा को साकार किया है। योग, आयुर्वेद और भारतीय परंपराओं को विश्व स्तर पर नई प्रतिष्ठा मिली है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और संकल्प के वर्ष रहे हैं। इन वर्षों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और जनभागीदारी से देश की दिशा बदली जा सकती है। गरीबी से मुक्ति, नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार, जनजातीय विकास, डिजिटल क्रांति, आधुनिक अवसंरचना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास सबने मिलकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। आज भारत केवल आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि आत्मविश्वास के साथ दुनिया को दिशा भी दे रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है, कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

( लेखक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित

## दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित

## प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मादक पदार्थों का बढ़ता प्रकोप

आए दिन हम सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते है कि आज का युवा, जो कल देश का भविष्य है, वह धीरे-धीरे नशे की चपेट में आ गया है, जहां वह इन मादक पदार्थों का सेवन करके अपने मां-बाप, भाई-बहन की परवाह न करके आत्महत्या तक कर लेता है। हमारा देश एक युवा देश है जहां प्रतिभा से भरपूर युवा अपने सपने को साकार करने की सोच रखता है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में युवा गाजा, चिट्टा जैसी मादक वस्तुओं का सेवन करके अपने जीवन को दाव पर लगा रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन भी कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। यदि हमें आज के युवा को नशे के प्रकोप से बचाना है तो लोगों की सोच को बदलना होगा और प्रशासन को भी इस पर कड़ी नजर रखनी होगी।

*-अजय वर्मा, रायपुर*

## ट्रेंड

### नए मानक स्थापित



पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व संकल्प से सिद्धि और सेवा से सुशासन तक की यात्रा का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए मानक स्थापित किए हैं।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### भारत भाग्य विधाता



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' उन बहादुर डॉक्टरों, नर्सों और हेल्थकेयर वर्कर्स के साहस, सेवा-भाव और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दिखाती है, जिन्होंने 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान मानवता की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया था।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### फर्टिलाइज़र विरासत



असम की फर्टिलाइज़र (खाद) विरासत को आगे बढ़ाने से लेकर उसके भविष्य को आकार देने तक, नामरूप एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। 10,601 करोड़ का नामरूप अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइज़र कॉम्प्लेक्स खेती की उत्पादकता बढ़ाएगा।

**- हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### विकास की गति



आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बहुत ही सार्थक बैठकें कीं। इन बैठकों का मकसद प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप पश्चिम बंगाल के विकास की गति को तेज़ करना और राज्य की जनता तक प्रतीक्षित लाभ सीधे पहुंचाना था।

**- सुवेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

# इबोला प्रभावित देशों से आने वालों पर पाबंदी लगाए यूरोप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन यूरोपीय देशों को अफ्रीका के इबोला प्रभावित देशों से यूरोप में आने वाले लोगों के लिए यात्रा पाबंदियां बढ़ाने की सलाह दे रहा हैं। ट्रंप प्रशासन ने यह संकेत भी दिया है कि ऐसा न करने पर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट समेत अन्य मौकों के लिए यूरोप से लोगों की यात्रा को लेकर अमेरिका के नियमों में सख्ती बरती जा सकती है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को फोन करके अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और कांगो तथा युगांडा में इबोला फैलने पर अमेरिका और यूरोप के तालमेल एवं जवाबी प्रयासों पर चर्चा की। इसमें कहा गया, 'विदेश विभाग की सबसे बड़ी प्राथमिकता और ध्यान अमेरिकी लोगों की सेहत की रक्षा करना और इबोला का प्रकोप हमारे नजदीक तक पहुंचने से रोकने पर है।' विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका ने इस संक्रमण को फैलने से निपटने के लिए कदम बढ़ाया है और अब दुनिया को भी और कदम उठाने होंगे।' अधिकारी ने रूबियो और वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बारे में नाम जाहिर नहीं होने की की शर्त पर जानकारी दी।



## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं हम भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवत: हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा

# लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर मोदी को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बधाई, 7 सूत्रीय प्रस्ताव पारित

### मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की भी सराहना

प्रस्ताव में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इनके माध्यम से रक्षा उत्पादन से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तक विभिन्न क्षेत्रों में भारत की विनिर्माण क्षमता को नई मजबूती मिली है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने पर उन्हें बधाई देते हुए एक विशेष प्रस्ताव पारित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार 4,399 दिनों तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। नेहरू ने लगातार 4,398 दिनों तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री मोदी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सात सूत्रीय प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के राष्ट्र के प्रति निरंतर योगदान, जनकल्याणकारी नीतियों और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में उनके नेतृत्व को समर्पित है।



### राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने दिया धन्यवाद

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का आभार व्यक्त किया है। पीएम ने कहा कि पिछले वर्षों में जो भी उपलब्धियां हासिल हुई हैं, वे भारत की जनता की आकांक्षाओं और सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। 140 करोड़ देशवासियों का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा और शक्ति है। सरकार अंत्योदय की भावना के अनुरूप विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### गरीब कल्याण को बताया सरकार की प्राथमिकता

प्रस्ताव में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों को शासन व्यवस्था के केंद्र में रखा गया है। सरकार ने करोड़ों लोगों को पक्के मकान, बिजली, स्वच्छ पेयजल और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। सूचना एवं प्रसारण और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि 60 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि इन योजनाओं के कारण देश में आत्मविश्वास बढ़ा है और 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

### युवाओं, महिलाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर जोर

मंत्रिमंडल के प्रस्ताव में युवाओं के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। साथ ही चंद्रयान जैसे वैज्ञानिक अभियानों ने देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में धुआं-मुक्त रसोई, लखपति दीदी अभियान तथा संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले कानून को महत्वपूर्ण उपलब्धियों के रूप में रेखांकित किया गया है। किसानों को विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए प्रस्ताव में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पशुपालकों और मछुआरों तक किसान क्रेडिट कार्ड योजना के विस्तार जैसे कदमों की सराहना की गई है। इसमें कहा गया है कि इन पहलों से कृषि निर्यात पांच लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करने में सफल रहा है।

### अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी

इस बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण-2(ए) को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत कोटेश्वर रोड से एयरपोर्ट तक लगभग छह किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जिसमें पांच मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि परियोजना पूरी होने के बाद अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई लगभग 78 किलोमीटर हो जाएगी और यात्रियों को एयरपोर्ट तक निर्बाध कनेक्टिविटी मिलेगी।

### अमरावती में दो बड़े केंद्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को स्वीकृति

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में केंद्र सरकार की दो महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इनमें केंद्रीय सरकारी कार्यालय परिसरों और सरकारी आवासीय परिसरों के निर्माण की परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं से कुशल, अर्धकुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## खबर संक्षेप

### मोदी-नेहरू की तुलना उचित नहीं: शरद पवार

**मुंबई।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के भाजपा मंत्री गिरीश महाजन की कड़ी आलोचना की है। महाजन ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी की थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।



### एल्विश यादव ने बनाई खरगोश जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हमेशा सक्रिय रहने वाले एल्विश यादव ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'खरगोश जनता पार्टी' बना ली। उन्होंने इसे नारा भी दिया- तेज दिमाग, लंबे कान, सबका विकास गाजर के साथ। एल्विश ने पार्टी का ऑफिशियल पेज भी उन्होंने बना दिया है। उनके पेज पर 2 घंटे में ही 3,213 फॉलोअर्स भी हो गए।



### भारतराजा को सीएम विजय ने दी श्रद्धांजलि

**चेन्नई।** बुधवार सुबह तमिल सिनेमा के दिग्गज निर्देशक भारतीराजा का निधन हुआ। सीएम विजय ने निर्देशक भारतीराजा को श्रद्धांजलि दी, उनके अंतिम दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीराजा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी दुख जताया।



### पीएम बाल पुरस्कार 2026 के लिए मांगे नामांकन

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन 1 अप्रैल 2026 से आरंभ हुए थे और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। सभी प्रविष्टियां पोर्टल पर जमा कराई जा सकती हैं।




## सोनिया गांधी ने फोन करके ममता बेनर्जी को दिया बड़ा ऑफर

# कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय, देंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद, ऋतब्रत बोले- ऐसा नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

अभिषेक बेनर्जी को महासचिव बनाया जाएगा

बागी गुट बोला- कांग्रेस में जाने को तैयार नहीं

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को खत्म करने की कगार पर पहुंचा दिया है। ममता बेनर्जी के 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने अपना अलग गुट तैयार कर लिया और उसके बाद दिल्ली में भी करीब 20 सांसद टीएमसी से अलग हो गए। इस बीच कांग्रेस की सुप्रीम लीडर सोनिया गांधी ने टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी को बड़ा ऑफर दिया है। सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को टीएमसी के कांग्रेस में विलय का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता से कहा है कि वो टीएमसी का विलय कर दें, इसके बदले में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बेनर्जी को भी पार्टी महासचिव का पद दिया जाएगा। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस मुलाकात के एजेंडे या चर्चा के विषयों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। वहीं, संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि पार्टी के विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि कांग्रेस में जाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए विलय की अटकलों का कोई आधार नहीं है।



इंडिया ब्लॉक की बैठक में सोनिया गांधी और ममता बेनर्जी

### ममता ने मांगा समय

सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को प्रस्ताव दिया है कि टीएमसी पर भाजपा के राजनीतिक हमलों को देखते हुए उन्हें अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए, वरना भाजपा उन्हें भी आम आदमी पार्टी की तरह परेशान करेगी। सोनिया गांधी ने खुद उन्हें फोन किया था। सूत्रों ने बताया कि ममता बेनर्जी ने इस पर फैसला करने के लिए कुछ दिन का समय मांगा है।

### न तो सांसद जा रहे हैं और न ही विधायक

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने टीएमसी और कांग्रेस के संभावित विलय की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि न तो टीएमसी की विधायक दल कांग्रेस में शामिल हो रही है और न ही पार्टी के सांसद, नगर निकायों या पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच ऐसा कोई रुझान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधायकों की संख्या 64 है और यह बढ़ने की उम्मीद है। ये लोग आएंगे और विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपेंगे। संसद में जो सांसद हैं, उनमें से दो-तिहाई से अधिक भी कांग्रेस में विलय नहीं हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन किसके साथ विलय कर रहा है?



### राहुल-अभिषेक के बीच मुलाकात

इसी बीच बुधवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। 10 जनपथ पर हुई ये मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात फायदेमंद रही है।

### आज कांग्रेस ने बुलाई बड़ी बैठक

सोनिया गांधी के ममता बेनर्जी को दिए गए ऑफर के बीच कांग्रेस ने बड़ी बैठक बुलाई है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 11 जून को इंदिरा भवन में एआईसीसी महासचिव, प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की बैठक होगी। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।

सौगता सुभेंदु ने किया विभागों का बंटवारा

## दिलीप को ग्रामीण विकास, निशीथ को जलसंसाधन का जिम्मा

पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मंत्रियों के विभागों का औपचारिक बंटवारा करते हुए नई अधिसूचना जारी की है। निशीथ प्रामाणिक को उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग, अशोक किरतानिया को खाद्य एवं आपूर्ति तथा सहकारिता विभाग, दिलीप घोष को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विपणन विभाग दिया गया है। वहीं खुदीराम टुडू को आदिवासी विकास, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

### सीएम के पास गृह, भूमि सुधार सहित अन्य विभाग

सीएम अधिकारी को गृह एवं पर्वतीय मामले, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, बिजली, सूचना एवं संस्कृति तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिन विभागों का आवंटन अन्य मंत्रियों को नहीं किया गया है, वे भी सीएम के पास रहेंगे। 1 जून को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

### 58 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद हुए अलग

## टीएमसी के 19 बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न और यूसुफ भी



यूसुफ, सायानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा

ममता बेनर्जी की टीएमसी में लगातार टूट जारी है। काकोली घोष के नेतृत्व वाले टीएमसी बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों के नाम की सूची जारी कर दी। इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद सायोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। वहीं बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले 3 दिनों में टीएमसी के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इसके बाद टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

### सुष्मिता देव ने भी दिया इस्तीफा, सीएम हिमंत से मिलीं

सुष्मिता देव ने टीएमसी और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस बड़े फैसले के बाद उन्होंने बुधवार को दिल्ली में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात को सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट बताया। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल राजनीति से छोटा सा ब्रेक ले रही हैं। इसके बाद ही वह अपने भविष्य के बारे में कोई फैसला लेंगी। उन्होंने त्यागपत्र का कारण निजी बताया है। उन्होंने कहा कि वह असम की रहने वाली हैं और अब पूरी तरह स्वतंत्र हैं।



### सयानी घोष और माला राय भी हुईं बागी

टीएमसी की सबसे मुखर और तेज-तर्रार सांसदों में से एक सयानी घोष ने अब बगावती सुर अपना लिए हैं। अपनी पार्टी प्रमुख ममता बेनर्जी की तारीफों के पुल बांधने वाली और विरोधियों पर तीखे तीर चलाने वाली सयानी घोष अब बागी खेमे में शामिल हो चुकी हैं। जादवपुर से सांसद सयानी घोष अब उन 20 सांसदों के गुट में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में टीएमसी की करारी हार के ठीक एक महीने बाद संसद में एक अलग गुट बनाने की मांग की है। लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में इन 20 सांसदों ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने की पेशकश की है। ममता बेनर्जी की बेहद करीबी मानी जाने वाली एक और सांसद माला रॉय भी दिल्ली पहुंचकर इस बागी खेमे में शामिल हो गई हैं।

भारत मंडपम में आयोजित एनडीए की विशेष बैठक में शामिल हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

## मोदी सरकार के 12 वर्ष आदिवासी उत्थान और नक्सलमुक्ति का स्वर्णकाल: विष्णुदेव साय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित एनडीए की विशेष बैठक में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि पिछले 12 वर्ष देश के जनजातीय समाज के सम्मान, सशक्तिकरण और विकास के लिए स्वर्णकाल साबित हुए हैं। सीएम साय ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के कारण देश तथा छत्तीसगढ़ दशकों पुरानी नक्सल समस्या से निर्णायक मुक्ति की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित जनजातीय समुदाय अब शांति, सुरक्षा और विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। बस्तर में 'नियद नेल्ला नार' और 'बस्तर मुन्ने' जैसे अभियानों के माध्यम से योजनाओं का सैचुरेशन मोड में क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा सुरक्षा शिविरों को 'सेवा डेरा' के रूप में विकसित किया जा रहा है। पीएम ने जनजातीय समाज को नई पहचान और सम्मान दिया है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हो या धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, इन पहलों ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि देश को पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मु का नेतृत्व मिलना भी करोड़ों आदिवासियों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। साय ने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों के दूरस्थ इलाकों तक पहली बार बिजली, सड़क, पेयजल और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। बस्तर में सड़क, रेल और सार्वजनिक परिवहन के विस्तार से कनेक्टिविटी की वर्षों पुरानी चुनौतियां दूर हो रही हैं। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। नवा रायपुर में ट्राइबल म्यूजियम तथा शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय संग्रहालय का निर्माण कराया गया है। बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक ने हिंसा-मुक्त बस्तर की नई तस्वीर प्रस्तुत की है।

## कर्नाटक सीएम शिवकुमार और तमिलनाडु सीएम विजय ने की गांधी परिवार से मुलाकात



**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** कर्नाटक के नव नियुक्त मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और तमिलनाडु के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने गांधी परिवार के साथ गुरुवार को 10 जनपथ पर अलग अलग मुलाकात की। कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी महासचिव, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दोनों मुख्यमंत्रियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

पाक से पहले श्रीलंका में भारत के उप-उच्चायुक्त के पद पर कार्यरत थे

## पाकिस्तान में भारत के नए प्रभारी राजदूत बने डॉ. सत्यांजल पांडे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राजनयिक डॉ. सत्यांजल पांडे को पाकिस्तान में भारत के नए प्रभारी राजदूत (चार्ज डी अफेयर्स) के रूप में नियुक्त किया गया है।

वर्तमान में वह भारत के निकट पड़ोसी द्वीपीय देश श्रीलंका में देश के उप-उच्चायुक्त के रूप में अपना दायित्व संभाल रहे थे। बताते चलें कि डॉ.पांडे वर्ष 2008 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। अपने डेढ़ दशक से अधिक लंबे राजनयिक करियर में उन्होंने विदेश मंत्रालय के साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय मिशन में भारत के कूटनीतिक प्रतिनिधि के रूप में नेतृत्व किया है। राष्ट्रीय राजधानी में उन्होंने क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी और विदेश मंत्रालय में वित्त से जुड़े हुए विभिन्न पदों पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।



### 2019 से नहीं रहा पूर्णकालिक उच्चायुक्त

गौरतलब है कि अगस्त 2019 से पाकिस्तान में भारत का कोई पूर्णकालिक उच्चायुक्त नहीं है। यह वही समय अवधि है। जब भारत ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटा दिया था और इसके बाद ही पाकिस्तान ने भारत के तत्कालीन उच्चायुक्त अजय बिसारिया को निष्कासित कर भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को खत्म कर दिया था। 2019 से लेकर डॉ.पांडे की नियुक्ति तक भारत इस्लामाबाद में चार्ज डी अफेयर्स स्तर के राजनयिक की मदद से ही अपने उच्चायोग के कामकाज और अन्य जरूरी गतिविधियों का संचालन कर रहा है।

## वीक एजुकेशन कॉन्क्लेव-2026 में बोले डॉ. जितेंद्र सिंह

# नई शिक्षा नीति मोदी सरकार के 12 वर्षों की बड़ी उपलब्धियों में से एक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा व्यवस्था में अब तक के सबसे परिवर्तनकारी सुधारों में से एक है और इसे मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में गिना जाएगा। वीक एजुकेशन कॉन्क्लेव-2026 को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति ने छात्रों को उनकी रुचि, योग्यता और आकांक्षाओं के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करने की स्वतंत्रता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पहले विद्यार्थियों को तयशुदा शैक्षणिक ढांचे और सीमित विषयों तक ही सीमित रहना पड़ता था, लेकिन अब वे अपनी पसंद और क्षमता के अनुसार विभिन्न विषयों का चयन कर सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनईपी-2020 के लागू होने के बाद विद्यार्थियों को जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी), साहित्य, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य उभरते हुए क्षेत्रों में अध्ययन और शोध के नए अवसर प्राप्त हुए हैं। इससे शिक्षा अधिक लचीली, बहुविषयक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनी है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में तकनीक के प्रभावी उपयोग ने शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की प्रक्रिया को गति दी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन शिक्षण और तकनीकी संसाधनों के विस्तार से शिक्षा पहले की तुलना में अधिक सुलभ और किफायती बनी है।



उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से उन वर्गों तक भी शिक्षा पहुंची है, जो पहले विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक बाधाओं के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते थे। इससे शिक्षा के अवसरों का दायरा बढ़ा है और समाज के व्यापक वर्ग को लाभ मिला है।

डॉ. सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल पाठ्यक्रम में बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था और वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनईपी-2020 आने वाले वर्षों में देश की युवा प्रतिभाओं को नई दिशा प्रदान करेगी और भारत को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

## विदेशी पूंजी आकर्षित हो सकती है, रुपये को समर्थन मिलेगा

# आरबीआई के उपाय 70 अरब डॉलर तक विदेशी पूंजी कर सकते हैं आकर्षितः इंडिया रेटिंग्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के एफसीएनआर (बी) जमा एवं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के बाह्य यानी विदेशी वाणिज्यिक उधारी से जुड़े विदेशी मुद्रा अदला-बदली उपायों से 60 से 70 अरब डॉलर की विदेशी पूंजी आकर्षित हो सकती है, जिससे रुपये को समर्थन मिलेगा। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बुधवार को यह कहा।

केंद्रीय बैंक ने आठ जून को घोषणा की थी कि अधिकृत डीलर बैंक तीन से पांच वर्ष की परिपक्वता वाले विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर बी) जमा के लिए 30 सितंबर तक आरबीआई की अदला-बदली सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा बैंकों को अमेरिकी डॉलर जमा को नियामक के साथ अदला-बदली करने तथा मुद्रा जोखिम प्रबंधन में मदद करेगी।

### बैंक विदेशी जमाकर्ताओं को बेहतर रिटर्न दे सकते हैं

आरबीआई के विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाने के लिए घोषित उपायों में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को 30 सितंबर तक ईसीबी जुटाने के लिए रियायती मुद्रा अदला-बदली सुविधा भी शामिल है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि एफसीएनआर (बी) विदेशी पूंजी जुटाने में अहम भूमिका निभाएगा जिसमें हेजिंग यानी जोखिम बचाव से जुड़े लागत का भार आरबीआई उठाएगा और बैंक विदेशी जमाकर्ताओं को बेहतर रिटर्न दे सकेंगे।

**30 सितंबर तक अदला-बदली सुविधा का उपयोग कर सकते हैं**

**बैंक अमेरिकी डॉलर जमा को नियामक के साथ बदल सकते हैं**

**विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाने में मदद मिल सकती है**



**रुपया औसत 93.10 के स्तर पर रह सकता है**
वित्त वर्ष 2026-27 में यह औसतन लगभग 93.10 रुपये के स्तर पर रह सकती है। मुद्रा की दिशा मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और पूंजी प्रवाह के रुझान पर निर्भर करेगी।

**वित्त पोषण दबाव कम होगा :** रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा, '' इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि यह व्यवस्था बड़े पैमाने पर पूंजी प्रवाह उत्पन्न करेगी, जो 60 से 70 अरब डॉलर के दायरे में हो सकता है। इससे रुपये को महत्वपूर्ण सहारा मिलेगा और वित्तीय प्रणाली में व्यापक वित्त पोषण दबाव कम होगा।''

### व्यापार घाटा बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने ऊर्जा कीमतों को बढ़ाया है जिससे व्यापार घाटा बढ़ा और रुपये पर दबाव पड़ा है। बड़े पूंजी निकासी ने भी मुद्रा को कमजोर किया है। नीति निर्माताओं ने विदेशी पूंजी आकर्षित करने और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए उपाय किए हैं। इनका उद्देश्य केवल रुपये को स्थिर करना ही नहीं बल्कि बाहरी संतुलन सुधारना और वैश्विक बाजार एकीकरण को बढ़ाना भी है।

### एफपीआई की भागीदारी बढ़ाने कई सुधार लागू

आरबीआई के अलावा, सरकार ने आठ जून को सरकारी प्रतिभूति बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई सुधार लागू किए। इनमें ब्याज आय, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर कर छूट, पूरी तरह सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत प्रतिभूतियों का विस्तार और निवेश मानकों को सरल बनाना शामिल है।

### कमजोर निर्यात के कारण जोखिम बना हुआ

इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, '' सरकार और आरबीआई के समन्वित उपाय एक 'बफर' प्रदान करते हैं, लेकिन अनिश्चित वैश्विक माहौल और कमजोर निर्यात के कारण जोखिम बने हुए हैं।' उन्होंने कहा, हालांकि यह अल्पकाल में राहत दे सकता है, लेकिन मध्यम से दीर्घ अवधि में मजबूत पूंजी प्रवाह टिकाऊ राहत प्रदान कर सकते हैं।

---

# खाड़ी तनाव फिर बढ़ने से शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया

- स्थिर रुख के साथ बाजार बंद हुआ
- तेल एवं गैस, धातु व दूरसंचार में बिकवाली रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने के कारण बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार शुरुआती बढ़त को गंवा कर लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। तेल एवं गैस, धातु और दूरसंचार शेयरों में अंतिम घंटे की बिकवाली की वजह से सेंसेक्स में जहां मामूली बढ़त रही, वहीं निफ्टी नुकसान में बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाले सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवा कर अंत में सीमित लाभ के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 694.25 अंक तक चढ़कर 74,613.01 अंक के स्तर पर पहुंच गया था,



लेकिन अंत में यह मामूली 64.42 अंक बढ़त के साथ 73,983.18 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 27.15 अंक फिसलकर 23,214.95 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख तथा विदेशी कोषों के प्रवाह से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है।

**एशियाई बाजार नुकसान में बंद :** अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी दोपहर के कारोबार में नुकसान में थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

---

## कोटेश्वर मार्ग से एयरपोर्ट गलियारे को दी स्वीकृति

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2(ए) को स्वीकृति दे दी है। इस गलियारे की लंबाई 6.032 किलोमीटर है और इसमें 5 स्टेशन (4 एलिवेटेड और 1 अंडरग्राउंड) शामिल हैं। चरण 2(ए) के कार्यान्वित होने पर अहमदाबाद-गांधीनगर गलियारे में 77.63 किलोमीटर का सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क हो जाएगा। चरण 2(ए) कॉरिडोर में स्थित स्टेशनों के नाम हैं- आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती नदी, सरदार नगर और एयरपोर्ट। इस परियोजना की कुल लागत, जिसमें निर्माण के दौरान ब्याज (आईडीसी) भी शामिल है, 2,169.04 करोड़ रुपये होगी। अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना का चरण 2(ए) शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। चरण 2(ए) शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क का एक बड़ा विस्तार है। अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के चरण 2(ए) में लगभग 6.032 किलोमीटर के नए मेट्रो कॉरिडोर के विकास की परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य हवाई अड्डे से निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करके और उन प्रमुख आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों को जोड़कर सार्वजनिक परिवहन को काफी हद तक बढ़ाना है, जिनमें वर्तमान में कुशल ट्रांजिट पहुंच का अभाव है। इस चरण का उद्देश्य आवासीय और वाणिज्यिक केंद्रों सहित प्रमुख क्षेत्रों को अहमदाबाद-गांधीनगर गलियारे के साथ सुचारू रूप से एकीकृत करना है।

## रेल मंत्री ने की अनंतनाग में वंदे भारत के नए ठहराव की घोषणा की



**नई दिल्ली/श्रीनगर।** क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से चल रही और आगामी रेलवे परियोजनाओं पर चर्चा की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, प्रतिष्ठित जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस का अनंतनाग में एक व्यावसायिक ठहराव (कमर्शियल स्टॉपेज) शुरू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। यह रणनीतिक ठहराव दैनिक यात्रियों, पर्यटकों और व्यापारियों को महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित करेगा, जिससे कश्मीर के सबसे प्रमुख आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्रों में से एक के लिए, एक तेज और अधिक विश्वसनीय परिवहन संपर्क उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में भारतीय रेलवे की इस परिवर्तनकारी पहल की गहरी सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वंदे भारत सेवा ने जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा को पूरी तरह से एक नया रूप दिया है, जिससे यात्रा के समय में कमी आई है और स्थानीय निवासियों व आगंतुकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और आराम मिला है। यात्री आवाजाही के अलावा, मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर की स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में विस्तारित रेल नेटवर्क की बढ़ती और महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। रेलवे नेटवर्क के माध्यम से आवश्यक माल—विशेष रूप से क्षेत्र के प्रसिद्ध फलों जैसे कि चेरी, सेब और सीमेंट—की सुचारू और मजबूत आवाजाही ने लॉजिस्टिक्स को बड़े पैमाने पर सुव्यवस्थित किया है, परिवहन लागत को कम किया है, और स्थानीय किसानों व उद्योगपतियों के लिए बड़े बाजार खोले हैं। इस साझेदारी पर बात करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जम्मू-कश्मीर के समग्र विकास के लिए भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अनंतनाग स्टॉपेज की शुरुआत स्थानीय आकांक्षाओं को सुनने और लोगों की प्रभावी ढंग से सेवा करने के लिए बुनियादी ढांचे को तैयार करने के सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाती है।

---

## खबर संक्षेप

### रुपया 14 पैसे चढ़कर डॉलर के मुकाबले 95.27 पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.27 पर रहा। अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने तथा घरेलू मुद्रा में और गिरावट को थामने के लिए आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुरुआती नुकसान को कम करते हुए रुपया अंत में सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मांग घटने से सोना 4,300 रुपये टूटा, चांदी 10,000 रुपये लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति दस ग्राम
- चांदी गिरावट के साथ 2,45,700 रुपये प्रति किलो

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से मांग कमजोर पड़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना 4,300 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि चांदी 10,000 रुपये फिसलकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। स्थानीय सराफा कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 4,300 रुपये यानी करीब तीन प्रतिशत गिरकर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 10,000 रुपये यानी करीब चार प्रतिशत लुढ़ककर 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का बंद भाव 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। पीएल वेल्थ के प्रमुख (उत्पाद एवं पारिवारिक कार्यालय) राजकुमार सुब्रमण्यन ने कहा कि ऊर्जा कीमतों में उछाल से महंगाई के लंबे समय तक ऊपर बने रहने और ब्याज दरें ऊंची बनी रहने की आशंका बढ़ी है, जिससे सोने-चांदी को लेकर आकर्षण में कमी आई है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में निचले स्तर पर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- मई में 12 महीने के निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपये
- अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम

पश्चिम एशिया संकट के बीच बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश मई में एक साल के सबसे निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपये पर रहा। यह प्रवाह अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) योगदान मामूली रूप से घटकर 30,954 करोड़ रुपये रहा, जबकि अप्रैल में यह 31,115 करोड़ रुपये था। मासिक आधार पर गिरावट के बावजूद एसआईपी, म्यूचुअल फंड उद्योग का एक प्रमुख स्तंभ बना रहा। मई में एसआईपी की प्रबंधन अधिक परिसंपत्ति बढ़कर 17.12 लाख करोड़ रुपये हो गई जो उद्योग की कुल एयूएम का लगभग 21 प्रतिशत है। म्यूचुअल फंड उद्योग में मई में कुल मिलाकर 64,000 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी दर्ज हुई जबकि अप्रैल में 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था।

### गूगल की क्लाउड सेवाएं देश के कई शहरों में हुईं बाधित

**नई दिल्ली।** आग लगने के बाद गूगल क्लाउड की सेवाओं में दिल्ली, मुंबई और चेन्नई सहित कई प्रमुख भारतीय शहरों में नेटवर्क व्यवधान और देरी की समस्या देखी गई। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी ने बुधवार को कहा कि तीसरे पक्ष के इस डेटा सेंटर में आग लगने के कारण नेटवर्किंग उपकरणों की आपातकालीन रूप से बिजली बंद करनी पड़ी, जिससे दिल्ली में एक स्थानीय 'प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस' (पीओपी) अलग-थलग पड़ गया और महानगर क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क क्षमता घट गई। क्लाउड सेवाएं बाधित होने की घटना मंगलवार देर रात शुरू हुई।

## पोर्टेबल वॉटर प्यूरीफायर से लेकर महिलाओं की सुरक्षा वाली रिंग तक

**नई दिल्ली।** क्या हो अगर दूर-दराज इलाकों में तैनात सुरक्षाकर्मी एक ऐसा हल्का डिवाइस साथ रख सकें जो पीने के पानी को तुरंत साफ़ कर दे? क्या हो अगर महिलाएं इमरजेंसी के समय पहनने लायक अंगूठी के ज़रिए चुपके से एसओएस अलर्ट भेज सकें? क्या हो अगर पीसीओडी से जूझ रही महिलाओं की मदद के लिए खास तौर पर हेल्दी स्नैक्स बनाए जाएं? ये उन नए आइडियाज़ में से हैं जो सैमसंग के खास इनोवेशन और एजुकेशन प्रोग्राम के तहत दिल्ली-एनसीआर में आयोजित सेम्संग सॉल्व फॉर टुमॉरो डिज़ाइन थिंकिंग वर्कशॉप' से सामने आ रहे हैं।'सेम्संग सॉल्व फॉर टुमॉरो' सेम्संग इंडिया का एक खास इनोवेशन प्रोग्राम है।

**PUBLIC NOTICE**

It is informed that Shri Sanjay Kumar S/o Shri B.N. Prasad erstwhile R/o Flat No. 274, Sita Ram Apartments, Plot No. 102, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092 died on 24.05.2021 leaving behind his father Shri B.N. Prasad and his two sisters Smt. Anita Sinha and Smt. Archana Sinha as his only legal heirs (Surviving Member Certificate Bearing No. 90660000242853 duly issued by Revenue Department, Govt. of NCT of Delhi, Office of the DM, Preet Vihar, East).That Sh. B.N. Prasad has now applied for transfer of membership of Flat No. 274, Sita Ram Apartments in his name. That he has submitted Relinquishment Deed Dated: 01.07.2022 from his both daughters in his favour, regd. with S.R. VIIIA, Preet Vihar, Delhi in this regard.If anybody has any objection in this regard, the same should be filed with evidence thereof within 15 (Fifteen) days of this publication either to my office or the SOCIETY OFFICE AT SITA RAM APARTMENTS, PLOT NO. 102, I.P. EXTENSION, PATPARGANJ DELHI-110092, failing which it will be presumed that there is no objection to the above mentioned transfer of membership of Flat No. 274, Sita Ram Apartments, Plot No. 102, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092 in the name of Shri B.N. Prasad.

SAHIL ARORA (ADVOCATE)
Office No.107, First Floor,
M.S. Chambers, Aruna Park,
Laxmi Nagar, Delhi-110092

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा सूचना सं. 04 वर्ष 2026–27

अधोलिखित कार्यो के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है। (1) **कार्यों का विवरण :** इज्जतनगर मंडल में विभिन्न लोकेशन पर स्थापित RAVEL/ Honeywell मेक आटोमैटिक फायर डिटेक्शन एवं एलार्म सिस्टम की कॉम्प्रीहेन्सिव ए.एम.सी। **अनुमानित लागतः** ₹ 4,13,23,827.60 **बयाना राशि :** ₹ 8,26,500 **कार्य समापन अवधिः** 60 माह। (2) **कार्यों का विवरण :** इज्जतनगर मंडल के निगोही, शहबाजनगर, माला, शाहगढ़ एवं पूरनपुर स्टेशनों पर स्थापित इलेक्ट्रानिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम में मॉडीफाइड कॉलिंग ऑन सर्किट एवं मॉडीफाइड प्वाइंट डिटेक्शन सर्किट हेतु आल्ट्रेशन तथा स्टेशन एवं ब्लॉक सेक्शनों में डाली गयी सिगनल एवं दूरसंचार केबिलों का इन्टीग्रेटिड केबिल रूट प्लान तैयार करना। **अनुमानित लागतः** ₹ 4,18,62,579.81 **बयाना राशि :** ₹ 8,37,300 **कार्य समापन अवधिः** 9 माह। **ई–निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक–02.07.2026 को 11:00 बजे। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

वरि. मंडल सिंगनल व दूरसंचार इंजी/
इज्जतनगर
मुजाधि/सिगनल–53

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया



**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (तकनीकी) श्री अच्युत घटक एवं सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री चौधरी शिवराज सिंह ने अपने मुख्यालय, रांची में कोल कैरेक्टराइजेशन लेबोरेटरी के तहत अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया। यह लैब सुविधा इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमेट्री एक्स-रे फ्लोरेसेंस और एक्स-रे डिफ्रैक्शन जैसी एडवांस्ड मशीनों से लैस है। यह एक ही जगह पर नान-कोल खनिजों के एलिमेंटल, केमिकल और मिनरलोलाजिकल कैरेक्टराइजेशन के लिए एक व्यापक एनालिटिकल प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी बीडी) आनंद मोहन, सीआईएल के कार्यपालक निदेशक (सीपी एंड पीएम), के राजशेखर एवं कार्यपालक निदेशक (गवेषण) आर0के0 सिंह सहित सीएमपीडीआई तथा सीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व पोहा दिवस : फॉर्च्यून ने भारत के पसंदीदा नाश्ते को दिया अनोखा सम्मान

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी खाद्य व एफएमसीजी कंपनियों में से एक, एग्री बिजनेस लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड, फॉर्च्यून के माध्यम से विश्व पोहा दिवस मनाया। इंदौर के द हब में फॉर्च्यून पोहा को प्रदर्शित करते हुए एक बड़े सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में फॉर्च्यून पोहा का उपयोग करके तैयार की गई 100 किस्मों के पोहा का रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन किया गया और एक ही समय में 1,000 से अधिक लोगों को फॉर्च्यून पोहा परोसकर एक और रिकॉर्ड बनाने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम ने निवासियों और भोजन प्रेमियों को देश के सबसे प्रिय नाश्ते में से एक को सम्मानित करने के लिए एक साथ लाया। पोहा की 100 किस्मों की प्रदर्शनी ने इस मशहूर डिश की अलग-अलग खूबियों, क्षेत्रीय विविधता और सांस्कृतिक महत्व को दिखाया। इसके साथ ही, फॉर्च्यून ने देश में पोहा खाने के सबसे बड़े आयोजनों में से एक का आयोजन किया, जिसमें 1,000 से ज़्यादा लोगों ने एक साथ मिलकर फॉर्च्यून पोहा का आनंद लिया और एक रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की। इस पहल के नतीजे में 'गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में नाम दर्ज हुआ, जो भारत की पाक-कला की विरासत के जश्न में एक खास उपलब्धि है। पोहा सिर्फ़ नाश्ते की एक डिश नहीं है। यह भारत की खान-पान की संस्कृति का एक अहम हिस्सा है।

## कपड़ा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना में 96 कंपनियां चयनित

**नई दिल्ली।** सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत कुल 96 कंपनियों का चयन किया है। इन कंपनियों द्वारा 12,822.67 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। सरकार की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई।कपड़ा मंत्रालय के अनुसार, तीसरे चरण की ताजा बैठक में 22 नए आवेदकों को मंजूरी दी गई है।इन 22 कंपनियों से 2,339.14 करोड़ रुपये का निवेश मिलने, अधिसूचित उत्पादों में 15,561.34 करोड़ रुपये के कारोबार तथा वस्त्र मूल्य श्रृंखला में 36,217 रोजगार के अवसरों के सृजन की उम्मीद है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष पुत्र अनिल निवासी मकान नंबर 72, गली नंबर 3, राजीव गार्डन, लोनी गाजियाबाद, यूपी, भारत** ने **FIR No. 161/2020 U/S 498-A/406/34/174A IPC & 4 DP Act अन्तर्गत थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 161/2020 U/S 498-A/406/34/174A IPC & 4 DP Act, अन्तर्गत थाना करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री ऋषिका श्रीवास्तव
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम कक्षा, (महिला कोर्ट–01)
उत्तर पूर्वी जिला, कमरा नंबर 67
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/7712/NE/2026(Court Matter)


## शब्द पहेली - 6253




**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6252 का हल





# 90 मिनट का रोमांच, सदियों का इतिहास, दिग्गजों ने फीफा को बनाया खास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप सिर्फ 90 मिनट के खेल और ट्रॉफी जीतने की कहानी नहीं है, यह उन खिलाड़ियों के नाम भी दर्ज करता है, जिन्होंने मैदान पर ऐसे रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें तोड़ना आसान नहीं होगा। किसी ने तीन बार विश्व कप की ट्रॉफी उठाकर इतिहास रच दिया, तो किसी ने पांच अलग-अलग संस्करणों में गोल दागकर अपनी छाप छोड़ी। ब्राजील के पेले से लेकर अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो तक, इन दिग्गजों ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जो उन्हें हमेशा के लिए खास बनाती हैं।

## पेले से मेसी-रोनाल्डो तक खास क्लब में शामिल खिलाड़ी

### पेले : 3 बार विश्व कप जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी

ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के नाम फीफा वर्ल्ड कप जीतने का ऐसा रिकॉर्ड दर्ज है, जिसकी बराबरी अब तक कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। पेले ने 1958, 1962 और 1970 में ब्राजील के साथ विश्व कप का खिताब जीता था। सिर्फ 17 साल की उम्र में 1958 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने वाले पेले ने अपने करियर में फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अलग ही छाप छोड़ी।



### लियोनल मेसीः गोल्डन बॉल का अनोखा रिकॉर्ड

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी फीफा वर्ल्ड कप में दो बार गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने पहली बार 2014 विश्व कप में यह सम्मान हासिल किया था। इसके बाद 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान भी उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

### रोनाल्डो : 5 वर्ल्ड कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी

पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो किसी और खिलाड़ी के नाम नहीं है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले पहले और अब तक के इकलौते खिलाड़ी हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 विश्व कप में गोल किए थे।

## चोट से उबरकर ट्रेनिंग पर लौटे मैनुअल नूएर

बर्लिन। जर्मनी की फुटबॉल टीम को फीफा वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले बड़ी राहत मिली है। टीम के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नूएर चोट से उबरकर पूरी ट्रेनिंग में लौट आए हैं। जर्मनी अपना पहला मैच 14 जून को ह्यूस्टन में कुराकाओ के खिलाफ खेलेगा और नूएर इस मुकाबले में मैदान पर उतर सकते हैं। नॉर्थ कैरोलिना में जर्मनी के बेस कैंप में आयोजित एक सार्वजनिक ट्रेनिंग सत्र के दौरान करीब 3,000 प्रशंसकों ने नूएर का जोरदार स्वागत किया। लंबे समय बाद उन्हें पूरी ट्रेनिंग करते देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आए। जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नेगल्समैन ने भी संकेत दिए हैं कि नूएर पहले ग्रुप मैच में खेलने के लिए तैयार हैं।



## अर्जेन्टीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

**ऑबर्न।** लियोनल मेस्सी अपने छठे विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनके पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत गत चैंपियन अर्जेन्टीना ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले अपने अंतिम तैयारी मैच में आइसलैंड को 3-0 से हराया। मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी इस मुकाबले के दौरान 20 मिनट तक मैदान पर रहे। अपने 39वें जन्मदिन और छठे विश्व कप से कुछ दिन पहले मेस्सी ने मुकाबले की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की। मेस्सी 70वें मिनट में मैदान पर उतरे और लोटारो मार्टिनेज के खिलाफ फाउल के लिए मिली पेनल्टी को 72वें मिनट में गोल में बदला। मेस्सी 117 गोल के साथ अर्जेन्टीना की ओर से सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं।



### दो पीढ़ियां : पिता के बाद अब बेटा विश्व कप में



*नॉर्वे के एर्लिंग ब्रॉट हालैंड फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके साथ ही वह अपने पिता अल्फ-इंगे हालैंड की तरह विश्व कप खेलने वाले परिवार की दूसरी पीढ़ी बन जाएंगे। अल्फ-इंगे हालैंड ने 1994 फीफा वर्ल्ड कप में नॉर्वे का प्रतिनिधित्व किया था।*

### गिलबर्टो मोरा और क्रेग गॉर्डनः सबसे युवा और सबसे उम्रदराज

विश्व कप में उम्र भी कई बार रिकॉर्ड की कहानी लिखती है। मैक्सिको के गिलबर्टो मोरा फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह 17 साल 240 दिन की उम्र में विश्व कप खेलेंगे। वहीं स्कॉटलैंड के क्रेग गॉर्डन 43 साल 162 दिन की उम्र में विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

### लास्जलो किसः सबसे तेज हैट्रिक गोल

फीफा वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड हंगरी के लास्जलो किस के नाम है। लास्जलो किस ने 1982 विश्व कप में एल सल्वाडोर के खिलाफ सिर्फ सात मिनट के अंदर तीन गोल दागे थे। किस ने 69वें से 76वें मिनट के बीच यह उपलब्धि हासिल की थी।



## राइट-बैक पर खेलने को तैयार इबानेज

**ब्राजील।** ब्राजील फुटबॉल टीम के डिफेंडर रोजर इबानेज ने कहा है कि अगर टीम प्रबंधन उन्हें मौका देता है तो वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में राइट-बैक की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आमतौर पर सेंटर-बैक के रूप में खेलने वाले इबानेज का कहना है कि टीम की जरूरत के हिसाब से वह किसी भी पोजीशन पर खेलने के लिए तैयार हैं। ब्राजील की टीम को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। युवा खिलाड़ी वेस्ली फ्रैंका चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसके बाद टीम में राइट-बैक की जगह को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अनुभवी खिलाड़ी डैनिलो इस भूमिका के लिए सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि, इबानेज भी इस पोजीशन पर खेल सकते हैं और उन्हें एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। जब इबानेज से पूछा गया कि वेस्ली की जगह कौन लेगा, तो उन्होंने कहा, मेरी पोजीशन तय करना कोच का काम है। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि जहां भी टीम को मेरी जरूरत होगी, मैं वहां खेलने के लिए तैयार हूं।

## खबर संक्षेप



### मेरा सफर महिला क्रिकेट की प्रगति को दर्शाता : मिताली

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि उनका सफर देश में महिला क्रिकेट की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसमें सीमित मौकों से लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनना शामिल है। मिताली ने कहा कि उनका व्यक्तिगत सफर देश में इस खेल के विकास की कहानी भी है। मिताली ने कहा कि अनुकूलन क्षमता, परिस्थितियों की समझ और सीखने की इच्छा ऐसी खूबियां हैं, जो भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मिताली ने कहा, 'कई बार हम बहुत मेहनत करते हैं और महसूस करते हैं कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है लेकिन फिर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिनके लिए हम तैयार नहीं होते। यदि आप अपने आसपास के माहौल और परिस्थितियों को समझते हैं तो उनके अनुसार खुद को ढालने की बेहतर स्थिति में होंगे।

### एशियाई खेलों के लिए पाक ने किया टीम का ऐलान

**लाहौर।** पाकिस्तान ने जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों की पुरुषों की टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें अधिकतर खिलाड़ी अनुभवहीन हैं। टीम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस राऊफ और शादाब खान जैसे सीनियर स्टार खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया है। फरहान पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान की कप्तानी करेंगे। पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले अब्दुल समद को उप कप्तान बनाया गया है। टीम में शामिल अबरार अहमद, उस्मान खान और सईम अयूब ने ही हाल में पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। टीम के चार सदस्यों आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद ने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण नहीं किया है।



## अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे हार्दिक पंड्या

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या खेलने की स्वीकृति मिलने के कुछ घंटे बाद अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए जब उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। पंड्या बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपनी पीठ की ऐंठन की चोट से उबरने के बाद खेलने की मंजूरी लेने गए थे। यह चोट उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए खेलते समय लगी थी। हो सकता है कि यह नई चोट सीओई में आकलन के दौरान पूरे 10 ओवर की गेंदबाजी करने की वजह से लगी हो।



### 13 से शुरू होगी सीरीज

अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला शनिवार को धर्मशाला में शुरू होगी। इसके बाद लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को दो अन्य मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने कहा, ' उन्हें ठीक होने में तीन हफ्ते लगेंगे इसलिए उनके एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि उनका रिहैबिलिटेशन पूरा नहीं हो पाएगा।' पंड्या आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए कुछ मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन टीम के अंतिम कुछ मैच में खेलने के लिए उतरे थे। इस 32 साल के ऑलराउंडर को यह नई चोट ऐसे समय में लगी है जब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें अधिक एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## आईसीसी रैंकिंग : गिल ने लगाई छलांग, पंत टॉप-10 से बाहर

### यशस्वी को नुकसान, ब्रुक बने नंबर 1, 000 टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत को सिर्फ 2 बैटर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग जारी की, जिसमें भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को फायदा हुआ। गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ हुए टेस्ट मैच में टीम के लिए शतकीय पारी खेली थी और इसके दम पर उन्होंने रैंकिंग में 2 स्थान का छलांग लगाया और 8वें स्थान पर पहुंच गए।

यशस्वी जायसवाल ने अफगानिस्तान के खिलाफ कोई कमाल नहीं दिखाया था और उन्हें ताजा टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में एक अंक का नुकसान हुआ और वो 8वें से 9वें नंबर पर आ गए जबकि इस टीम के खिलाफ 81 रन की पारी खेलने वाले ऋषभ पंत को फायदा हुआ और वो एक स्थान के फायदे के साथ अब 12वें नंबर पर आ गए, लेकिन टॉप-10 से वो बाहर हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत को सिर्फ 2 बल्लेबाज मौजूद हैं।



### ब्रुक ने रूट को पीछे छोड़ा

आईसीसी की ताजा टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में हैरी ब्रुक ने जो रूट को पीछे छोड़ दिया और वो पहले नंबर पर आ गए जबकि रूट अब तीसरे नंबर पर खिसक गए। ब्रुक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए अहम 56 रन की पारी खेली थी और इसके दम पर ही वो पहले स्थान पर आ गए जबकि पहले नंबर पर मौजूद जो रूट इस मैच में सिर्फ एक और 8 रन की पारी बना पाए थे और इसका उन्हें नुकसान हुआ। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड हाल के समय में टेस्ट क्रिकेट न खेलने के बावजूद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। हालाँकि रूट अपनी टॉप पोजीशन वापस पाने की कोशिश करेंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अभी भी दो टेस्ट मैच बाकी हैं।



### बुमराह पहले नंबर पर कायम

आईसीसी की ताजा टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं, जिनके 870 रेटिंग अंक हैं जबकि दूसरे नंबर पर मिचेल स्टार्क हैं जिनके 838 रेटिंग अंक हैं जबकि बुमराह के अलावा टॉप-10 में अन्य कोई भारतीय गेंदबाज नहीं है। कुलदीप यादव इस रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो पहले 15वें स्थान पर थे। इस रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पैट कमिंस हैं, जिनके 832 रेटिंग अंक हैं।


### टॉप 5 में ये बल्लेबाज

टॉप पांच बल्लेबाजों की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 831 रेटिंग पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर मजबूती से टिके हुए हैं। उनके ठीक नीचे श्रीलंका के कामिन्दु मेंडिस हैं, जिन्होंने एक पायदान की बढ़त हासिल की है और वे 781 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर आ गए हैं। इसके अलावा, न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियमसन (780 अंक) को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वे छठे पायदान पर आ गए हैं जबकि साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा 775 अंकों के साथ सातवें नंबर पर बरकरार हैं।

## 44 साल की सेरेना का जलवा

### 120 मील प्रति घंटा की रफ्तार से की सर्विस

जीत के साथ की शानदार वापसी



एजेंसी ▶▶| लंदन

पेशेवर टेनिस से लगभग चार साल दूर रहने के बाद सेरेना विलियम्स ने क्वीन्स क्लब में जीत के साथ वापसी करते हुए दिखाया कि उनके खेल में अब भी बहुत दम है। क्वीन्स क्लब ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में 44 साल की सेरेना ने कनाडा की 19 साल की खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको के साथ मिलकर अपना पहला युगल मैच जीता। इस दौरान सेरेना ने 120 मील प्रति घंटा की रफ्तार वाली सर्विस की और कुछ शानदार विनर्स लगाए।

### 2022 के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच

सेरेना और एमबोको ने निकोल मेलिचर मार्टिनेज और एरिन राउटलिफ की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-6, 6-2 से हराया। यह 2022 अमेरिकी ओपन के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच था। अब क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज और लॉरा सेगमंड से होगा। अपनी वापसी का जोरदार एहसास कराते हुए सेरेना ने पहले दौरे के मैच का अंत दो ऐस और फिर एक सर्विस विनर के साथ किया। सेरेना कहा, ' यह बहुत मजेदार था। विक्टोरिया के साथ खेलने में मुझे बहुत मजा आया। हमने पहले कभी साथ नहीं खेला था लेकिन उसके साथ खेलना बहुत स्वाभाविक लगा।'

## जेमिमा ने कहा- तेंदुलकर सर की सलाह से एकाग्रता में मिली मदद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक फोन कॉल ने उन्हें एकाग्रता वापस पाने में मदद की क्योंकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेली गई अपनी यादगार पारी के बाद वह काफी भावुक और उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि तेंदुलकर सर की सलाह ने उन्हें एकाग्रता बनाए रखने में मदद की। जेमिमा ने कहा, ' सचिन सर ने मेरे कोच प्रशांत शेट्टी को फोन किया।



उन्होंने उनसे कहा कि वह मुझे बताएं कि वह समझते हैं कि पिछले कुछ दिन मेरे लिए बहुत भारी रहे हैं, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी पारी खेलना, उन्हें हराने की खुशी।'

## इंग्लिश काउंटी टीम ने किया सुथार को साइन, वारविकशर के लिए खेलेंगे मैच

एजेंसी ▶▶| लंदन

अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पिनर मानव सुथार इंग्लैंड के क्लब वारविकशर के लिए काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों में खेलेंगे। वारविकशर ने बुधवार को सुथार के साथ अल्पकालिक अनुबंध की घोषणा की। इस अनुबंध के तहत वह रॉथेसे काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 12 से 15 जून तक यॉर्कशर के खिलाफ स्कारबोरो में और दूसरा मैच अगले



सप्ताह समरसेट के खिलाफ टॉनटन में खेला जाएगा।

### वारविकशर में शामिल होकर बेहद उत्साहित

सुथार ने कहा, मैं काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों के लिए वारविकशर में शामिल होकर बेहद उत्साहित हूं। टीम ने इस सत्र की अच्छी शुरुआत की है। ऐसे में मैं उम्मीद करता हूं कि टीम को खिताब की ओर बढ़ाने में अहम योगदान दे पाऊंगा। वारविकशर के निदेशक जेम्स थॉमस ने कहा, हमें मानव का बेयर्स में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह टीम के लिए वास्तव में रोमांचक समय है।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन : मालविका, ईशारानी और तान्या ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

## सीधे गेमों में जीतीं सिंधू , तन्वी ने किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पीवी सिंधू की अगुआई में महिला खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया जबकि तन्वी शर्मा भी उलटफेर करने में सफल रहीं। तीसरी वरीय सिंधू, तन्वी, मालविका बंसोड, ईशारानी बरुआ और तान्या हेमंत सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों के लिए हालांकि बुधवार का दिन खराब रहा जब किरण जॉर्ज, थारुन मान्नेपल्ली और क्वालीफायर सनीथ दयानंद पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

### सिंधू ने सालाजार को हराया

सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में पेरु की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को सीधे गेम में सिर्फ 32 मिनट में 21-13, 21-11 से हराया। सिंधू अगले दौर में हमवतन ईशारानी से भिड़ेंगी, जिन्होंने एक घंटा तीन मिनट चले कड़े मुकाबले में चीन की हान कियान को 22-20, 10-21, 21-14 से शिकस्त दी। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 17 साल की तन्वी ने किया, जिन्होंने पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान को 45 मिनट में 21-12, 22-20 से शिकस्त दी। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी अगले दौर में साथी भारतीय खिलाड़ी मालविका से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड की तोंरुंग सेहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से हराया।



### तान्या ने इशिका को 39 मिनट में हराया

तान्या ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 39 मिनट में 21-17, 21-18 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड की दूसरी वरीय और दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में किरण को कड़े मुकाबले में मलेशिया के जस्टिन हो के खिलाफ एक घंटा दो मिनट में 19-21, 21-14, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर दयानंद भी चीन के हू झिआन के खिलाफ सिर्फ 35 मिनट में 8-21, 10-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




ईयू, इटली, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, दक्षिण-कोरिया, मलेशिया, मालदीव सहित कई अन्य देशों के शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया पर भेजे बधाई संदेश

कैबिनेट ने पीएम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर एक विशेष प्रस्ताव पारित कर दी बधाई

# प्रधानमंत्री मोदी के नाम हुआ देश के लंबे वक्त तक पीएम रहने का रिकॉर्ड, वैश्विक नेताओं ने दी बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सबसे अधिक लंबे समय तक (12 साल पूरे हुए) निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को बड़ी तादाद में सोशल मीडिया मंचों पर दुनियाभर के नेताओं ने बधाई और शुभकामना संदेश भेजे हैं। जिसमें यूरोपीय आयोग



(ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यांग, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, पापुआ न्यू गिनी के जेम्स मारापे, त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और अफ्रीकी देशों के कई नेता मुख्य रूप से शामिल हैं।

इसके अलावा अमेरिका के राजदूत और इजरायल के विदेश मंत्रालय ने भी पीएम को अपनी ओर से बधाई दी है। रूस के राष्ट्रपति भवन कार्यालय (क्रेमलिन) की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामना संदेश भेजा गया है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पहली बार बतौर प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी। जिसके बाद उन्होंने लगातार 12 वर्षों तक निर्वाचन के साथ इस पद पर बने रहने का 10 जून को बनाया है। इसी के साथ उनका कार्यकाल कुल 4 हजार 399 दिनों का हो चुका है और उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पीछे छोड़ दिया है।

**रक्षा मंत्री ने पेश किया प्रस्ताव:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर एक विशेष प्रस्ताव पारित कर उन्हें बधाई दी है। साथ ही कैबिनेट में पीएम के सभी सहयोगियों ने पहले मेजें थपथपाकर और उसके बाद अपने स्थान पर खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन भी किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रस्ताव को पेश किया। जिसका सभी मंत्रियों ने स्वागत किया और उनके प्रति खड़े होकर अपनी ओर से विशेष सम्मान प्रदर्शित किया। यह पीएम के लंबे कार्यकाल, अभूतपूर्व नेतृत्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके समर्पण को मान्यता प्रदान करता है। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना भी की गई। साथ ही 2047 में उनके नेतृत्व में भारत के विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प को दोहराया गया है।

**विश्व नेताओं के बधाई संदेशों का सार:** ईयू अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में दिए बधाई संदेश में पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और क्षेत्र के साथ भारत की साझेदारी को मुख्य रूप से रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, आपके साथ की वजह से ही भारत चंद्रमा तक जा पहुंचा। भारत, ईयू के बीच तकनीक, गतिशीलता, सुरक्षा और रक्षा जैसे क्षेत्रों से लेकर हालिया समय में किए गए व्यापार समझौते के जरिए दोनों पक्षों का सहयोग तेजी से आगे बढ़ रहा है। इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए दोनों देशों के बीच हालिया समय में हुई विशेष रणनीतिक साझेदारी को याद करते हुए कहा कि कुछ सप्ताह पहले आपसे रोम में एक बार फिर से मुलाकात कर संयुक्त रूप से विशेष रणनीतिक साझेदारी का उद्घाटन कर मुझे बेहद प्रसन्नता हुई है। इसकी मदद से हमारे देशों और आम जनता के उज्जवल भविष्य के लिए नए अवसरों का निर्माण होगा। मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जु ने कहा कि मालदीव, भारत के साथ अपने सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करने का इच्छुक है। जिसके लिए आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और साझा हित सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं।

**पीएम मोदी एक भरोसेमंद साझेदार मलेशिया:** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने अपने संदेश में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि भारत की आम जनता की समर्पण भाव से की गई सेवा और अपने नेतृत्व की बदौलत देश के विकास, समृद्धि और वैश्विक मंच पर बढ़ाए गए भारत के कद का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा, मलेशिया भारत के साथ अपनी निकट और दीर्घकालिक मित्रता को बहुत अधिक मूल्यवान समझता है।

इब्राहिम ने पीएम मोदी को एक भरोसेमंद साझेदार बताते हुए कहा कि वह हमेशा तैयार रहते हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद तिनुबू ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि भारत के नागरिकों की तरफ से पीएम मोदी के नेतृत्व के प्रति जताए गए विश्वास को प्रदर्शित करती है। जिसने उन्हें लगातार तीन बार प्रधानमंत्री के रूप में भारत का नेतृत्व करने का अवसर दिया। केन्या के राष्ट्रपति डॉ.विलियम समोई रुटो ने कहा कि आपकी यात्रा एक साधारण सी शुरुआत के बाद यहां तक पहुंचाना एक मील के पत्थर के समान है। जिसमें धैर्य, समर्पण और जनसेवा का सवार्धिक योगदान है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री मॉरिसन ने अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। वह एक सच्चे राजनेता हैं। जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को परिवर्तन लाकर उसे दुनिया के समक्ष मजबूती से खड़ा कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच हुई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को लेकर मुझे गर्व है। दुनिया के कई अन्य देशों जैसे अमेरिका के भारत में राजदूत और नेपाल, मंगोलिया के राष्ट्राध्यक्षों ने भी पीएम मोदी को अपनी ओर से बधाई संदेश भेजे हैं।

**भरोसे, विश्वास का प्रमाण:** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बीते 8 जून को लिखे अपने पत्र में पीएम मोदी को श्रीलंका की सरकार और आम जनता की ओर से बधाई दी और कहा कि ये उपलब्धि न केवल आपके कार्यकाल की अवधि को दर्शाती है। बल्कि उस भरोसे और विश्वास का भी प्रमाण प्रस्तुत करती है। जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता ने बार-बार आपके नेतृत्व में जताया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के विजन ने भारत की सीमाओं से परे श्रीलंका सहित कई अन्य देशों के लोगों को भी प्रेरित किया है। पिछले साल 4 से 6 अप्रैल 2025 के बीच पीएम की श्रीलंका यात्रा हुई थी। जिसमें उन्हें मित्र विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था। जो श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है और उसे किसी विदेशी गणमान्य व्यक्ति को प्रदान किया जाता है।

### श्रीलंका को आर्थिक संकट से उभारा

*दिसानायके के मुताबिक, बीते वर्ष में की गई भारतीय पीएम की श्रीलंका यात्रा ने भारत की पड़ोसी सबसे पहले नीति को मजबूती दी है। भारत के साथ साझेदारी से सबसे ज्यादा लाभ उठाने वाले देशों में श्रीलंका शामिल है। 2022 में आए आर्थिक संकट के समय पर भी हमें भारत का काफी सहयोग मिला है।*

### वैश्विक मामलों की बड़ी आवाज बना भारत

*त्रिनिदाद, टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला बिसेसर ने इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी और कहा, उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक मामलों में एक बड़ी आवाज बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री के रूप में की गई साधारण शुरुआत से लेकर तीन कार्यकाल तक 1.4 अरब वाले देश का नेतृत्व करने तक के सफर का उल्लेख करते हुए विदेश नीति, आर्थिक विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक-आर्थिक विकास में भारत की बड़ी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। पीएम ने 3 से 4 जुलाई 2025 तक हमारे देश की ऐतिहासिक यात्रा की थी। जो प्रवासी भारतीयों के आगमन की 180 वीं वर्षगांठ के मौके पर हुई थी। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी को एक रोल मॉडल और लीडरशिप की मिसाल बताया।*

### अमेरिका के राजदूत ने दी बधाई

*भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और इजरायल के विदेश मंत्रालय ने भी प्रधानमंत्री को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। गोर ने एक्स पोस्ट में कहा कि मैं पीएम मोदी को बधाई देता हूं। जिन्होंने भारत के सबसे अधिक वक्त सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उनकी दशकों लंबी समर्पित सार्वजनिक सेवा और नेतृत्व की शक्तिशाली गवाही है। उन्हें शुभकामनाएं।*

### नेहरू 1952 में पहली बार बने प्रधानमंत्री

*पंडित नेहरू पहली बार वर्ष 1952 में देश के प्रधानमंत्री बने थे। जिसके बाद वह इस शीर्ष राजनीतिक पद पर 27 मई 1964 तक रहे। आंकड़ों की नजर से देखें तो उनका कार्यकाल कुल 4 हजार 398 दिनों का रहा। जबकि इसके पूर्व में यानी 1947 से 1952 तक वह देश की अंतरिम सरकार के मुखिया भी रहे। यह वह समयावधि थी। जब 1952 तक देश में आम चुनाव नहीं हुए थे।*

### इंदिरा ने डेढ़ दशक तक संभाली कमान

*गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी डेढ़ दशक (15 वर्षों से ज्यादा) से अधिक समय तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं। लेकिन उनका यह कार्यकाल लगातार वाला नहीं था। पूर्व पीएम के पहले तीन कार्यकाल जनवरी 1966 से मार्च 1977 तक चले। जिसके बाद 1977 में उनकी सत्ता चली गई और चौथे कार्यकाल के लिए वह जनवरी 1980 में चुनी गई। इसके बाद 1984 में उनकी हत्या कर दी गई थी।*




# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Delhi. * Finance at the sole discretion of the financier. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी-9821258420, सोनिया विहार-9821260573 मंडोली एक्स. 9821260735 शेरपुर चौक 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क-9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर-8527320253 गीता कॉलोनी-8527320841, S. D. TVS: दिलशाद गार्डन-9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3-6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI: MOISSANITE: आजादपुर - 7600260222 MCR TVS: सरस्वती विहार-9821266109 मंगोलपुरी-9821275868 रानीबाग-9821274695 नरेला 9821275636 किराड़ी 9821274603 बवाना-9821276084 कराला- 9821276104 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार - 9821259748 Skyline TVS: जहांगीर पूरी - 9218039220 Balaji TVS: समयपुर बादली - 9312001120 बुराड़ी - 9218024668 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9821261765 बदरपुर, जैतपुर-9821263038 पुलप्रहलादपुर - 9821264982 शाइन बाग-9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर 9821271221 अधचीनी: 9821268018 आया नगर-9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर - 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस 01141706608/9582890607 KK TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: शास्त्री नगर 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग-9821258099 तिलक नगर - 08527129911 YM TVS: दरियागंज- 9999388189 YM TVS: माल्का गंज- 9319391003 WEST DELHI: Dynamic TVS: द्वारका-9821271426 पालम 9870327342 रामफल चौक- Sec-7: 9870327413 उत्तम नगर:-9870327453 KK TVS: नागलोई - 9821271618 विकास नगर: रान्होला 9821258480 टिकरी कलां -9821259539 चंचल पार्क- 6366448946 AKHAND TVS: नजफगढ- 8506999402 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन 9821259328, YM TVS: डाबरी मोड़ - 7303114666 Gurugram: Choudhary TVS, ओल्ड दिल्ली रोड,8929592511. Simran TVS, Opp. मारुती उद्योग लिमिटेड, ओल्ड दिल्ली रोड, 8743818888. Simran TVS, सेक्टर 10A, खांडसा रोड, 8743042042. B.D. TVS, सेक्टर 66, सोहना रोड, बादशाहपुर 9717061545, 9958059545. BD TVS इस्लामपुर 9958059545. Ahinsha TVS, मैन रेलवे रोड, 9311299301. Ahinhsa TVS हयातपुर, 9355036372, 9319965702. Sri Bhagwan TVS, बसाई रोड, 8652876426, Sri Baghwan TVS, वज़ीराबाद, 9821269360, 8929612365. FARIDABAD : Uttam TVS, नियर DPS स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद 9560086699. Shivram TVS, नीलम बता रोड, 8928858523. Shivram TVS, सेहतपुर 9910111109. Royal TVS-NIT-5, 9870192424, 9355111370. बल्लभगढ़: Royal TVS, सेक्टर 5, 9870192424, 9899242536.

dentsu/hb del/05/26